दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-39 सीहोर, गुरूवार 26 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## अभी वोट देने का अधिकार छीन रहे,आगे एनआरसी लागू कर नागरिकता छीनने का काम होगा

### ममता बनर्जी ने बीजेपी, मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला किया



कोलकाता,(ए)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी, मोदी सरकार और निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला कर उन पर संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। सीएम बनर्जी ने उत्तर बंगाल के मैनागुड़ी में चुनावी रैली को संबोधित कर आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग ''मतदान के अधिकार छीन रहे हैं।''उन्होंने चेतावनी दी कि मोदी सरकार का अगला कदम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करके नागरिकता छीनने का प्रयास हो सकता है। सीएम ममता ने आरोप लगाया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से कुछ समुदायों को चुनाव प्रक्रियाओं से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''राजबंशियों के नाम एसआईआर के जरिए हटा दिए गए हैं। कहीं महिलाओं के नाम भी हटाए जा रहे हैं। अगर एसआईआर की वजह से मौतें होती हैं, तब जिम्मेदारी कौन लेगा?'' सीएम ममता ने कहा, आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार संविधान का पालन नहीं कर रहे और मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना सीएम ममता ने जनसभा में उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे ''यहां मौजूद सज्जन और दिल्ली में दोनों सज्जनों को विदा'' करें। मुख्यमंत्री ममता ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को अधिकारों से वंचित कर रहे है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तृणमूल कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत जनता है।

## चुनाव आयोग ने माना, डिस्प्ले एरर की वजह से वोटर्स का नाम जांच के दायरे में

### टीएमसी का आरोप, सभी वोटरों पर शक हो रहा

नई दिल्ली,(ए.)। चुनाव आयोग ने स्वीकार किया कि पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में तकनीकी गड़बड़ी हुई थी। डिस्प्ले एरर की वजह से वोटर्स का नाम जांच के दायरे में दिखा रहा था। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि तकनीकी टीम ने करीब 2 घंटे में समस्या ठीक की है। चुनाव आयोग इस गड़बड़ी की जांच कर रहा है। दरअसल एक दिन पहले मंगलवार शाम को बंगाल में जब कई लोगों ने अपना वोटर स्टेटस चेक किया, तब उनके नाम के आगे (जांच के दायरे में) दिख रहा था। यह उन लोगों के साथ भी हुआ जिनका नाम पहले से ही फाइनल मतदाता सूची में शामिल था।इस पर सत्ताधारी पार्टी टीएमसी ने सवाल उठाकर कहा कि इससे ऐसा लग रहा था जैसे सभी वोटरों पर शक हो रहा है। हालांकि चुनाव आयोग ने सिर्फ तकनीकी गलती बताया है।




## सोनिया गांधी की सेहत स्थिर, राहुल गांधी ने केरल दौरा टाला

### -सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कांग्रेस-नेत्री की हालत नियंत्रण में; डॉक्टरों की निगरानी जारी

नई दिल्ली,(ए.)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तबीयत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। उन्हें मंगलवार रात दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी सेहत पर लगातार नजर बनाए हुए है। अस्पताल प्रशासन ने बुधवार को जारी मेडिकल बुलेटिन में बताया कि सोनिया गांधी को रात 10:22 बजे अस्पताल लाया गया था और उनकी स्थिति नियंत्रण में है। इस बीच बेटे राहुल गांधी ने अपना केरल दौरा टाल दिया है।गाराम अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत स्थिर है और उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ सेवा कर की अपने जन्मदिन की शुरुआत

### उत्साह, उमंग और उल्लास से मना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जन्म दिवस

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्म दिवस मुख्यमंत्री निवास सहित सार्वजनिक स्थलों पर भी उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में प्रभु दर्शन के बाद गौशाला में गौमाता को दुलार कर उन्हें गौ-ग्रास देकर दिन की शुरूआत की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्म दिवस पर मंत्रीगण सहित जनप्रतिनिधियों, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक, औद्योगिक, राजनैतिक संगठनों सहित वरिष्ठ नागरिकों ने और आमजन ने बड़ी संख्या में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मुख्यमंत्री निवास में मनाये गये जन्म दिवस पर सांगीतिक प्रस्तुति हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) लखन पटेल, नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने जन्म दिवस की शुभकामनाएं दीं।



## रामनवमी से भोपाल-ओरछा के बीच शुरु होगी हेलीकॉप्टर सेवा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार रामनवमी के पावन पर्व पर भोपाल से ओरछा तक की हेलीकॉप्टर सेवा आरंभ करने जा रही है। सनातन संस्कृति को प्रतिबद्ध राज्य सरकार की यह श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधा होगी। प्रदेश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर भी दर्शन की सुगमता और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को अपने जन्मदिवस पर भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा मानस भवन में आयोजित सेवा दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजित 1100 कन्याओं के पूजन तथा कन्या भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्याओं को उपहार स्वरूप स्कूल बैग, लंच बॉक्स, कम्पॉस बॉक्स तथा वॉटर बॉटल प्रदान की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का गजमाला से अभिनंदन कर गदा भेंट की।

## एलपीजी गैस मामले को लेकर विपक्ष ने किया जोरदार प्रदर्शन, सदन में चर्चा की मांग




नई दिल्ली,(ए.)। संसद के बजट सत्र के दौरान बुधवार सुबह लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों ने एलपीजी गैस संकट और बढ़ती कीमतों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्रित हुए विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाया।

प्रदर्शन कर रहे विपक्ष का कहना है कि रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। उन्होंने सरकार से इस विषय पर तत्काल सदन में चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटका रही है और महंगाई पर नियंत्रण पाने में विफल रही है। विदेश मामलों में सरकार की नीति विफल होने का मामला भी तूल पकड़ रहा है। जंग के इस माहौल में तेल और गैस संकट को लेकर भी सरकार विपक्ष के निशाने पर है।

## वंदे भारत ट्रेन में भोजन की शिकायत पर आईआरसीटीसी पर 10 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली(ए.)।रेल मंत्रालय ने 15 मार्च को ट्रेन संख्या 21896 (पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस) में भोजन की गुणवत्ता को लेकर यात्री द्वारा की गई शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई की है।मंत्रालय के अनुसार, इस मामले में भारतीय रेल खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही संबंधित सेवा प्रदाता पर 50 लाख रुपये का दंड लगाते हुए उसका अनुबंध समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं।रेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता और गुणवत्ता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस प्रकार की लापरवाही को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगाउल्लेखनीय है कि ट्रेन संख्या 21896 वंदे भारत एक्सप्रेस पटना से टाटानगर के बीच चलने वाली एक आधुनिक सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है, जो लगभग 450 किलोमीटर की दूरी तय करती है और इसमें ऑनबोर्ड कैटरिंग की सुविधा उपलब्ध रहती है।



## मिडिल ईस्ट तनाव के बीच खाने के तेल की कीमतों में उछाल, आम आदमी की रसोई पर बढ़ा बोझ

### -सरकार बोली— सप्लाई पर फिलहाल नहीं बड़ा खतरा

नई दिल्ली,(ए.)। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष और सैन्य तनाव का असर अब भारतीय रसोई तक पहुंचने लगा है। पहले जहां एलपीजी की कीमतों को लेकर चिंता थी, वहीं अब खाने के तेल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। पूड़ी, पराठा, समोसा और रोजमर्रा की सब्जियों में इस्तेमाल होने वाला तेल महंगा होने से घरेलू बजट बिगड़ने लगा है।



पिछले एक महीने के आंकड़ों पर नजर डालें तो 24 फरवरी से 24 मार्च 2026 के बीच खाने के तेल की कीमतों में स्पष्ट बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सूरजमुखी तेल की कीमत 175 रुपये से बढ़कर 181 रुपये प्रति किलो हो गई है। वहीं पाम ऑयल 5 रुपये महंगा होकर 141 रुपये प्रति किलो पहुंच गया है। सोयाबीन तेल में 4 रुपये प्रति किलो का इजाफा हुआ है, जबकि मूंगफली, वनस्पति और सरसों तेल भी करीब 3 रुपये प्रति किलो महंगे हुए हैं। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में खाने के तेल की बढ़ती मांग और सीमित घरेलू उत्पादन इस समस्या की बड़ी वजह है। देश में तेल की खपत लगातार बढ़ रही है, जबकि उत्पादन उस गति से नहीं बढ़ पा रहा। 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति सालाना खपत लगभग 12 किलो और ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 11 किलो रही है।

भारत अपनी जरूरत का लगभग 56 फीसदी खाने का तेल आयात करता है, जबकि केवल 44 फीसदी घरेलू उत्पादन से आता है। आयात पर बढ़ती निर्भरता का असर कीमतों पर साफ दिखाई देता है। वर्ष 2017 में जहां भारत ने 11.8 अरब डॉलर का तेल आयात किया था, वहीं 2022 में यह बढ़कर 21.1 अरब डॉलर हो गया। हालांकि 2025 में इसमें कुछ गिरावट आई और यह 18.6 अरब डॉलर पर आ गया। आयात में पाम ऑयल की हिस्सेदारी सबसे अधिक 41 फीसदी है, जबकि सोयाबीन तेल 35 फीसदी और सूरजमुखी तेल 18 फीसदी हिस्सेदारी रखते हैं।

## ईंधन संकट को लेकर देशभर में अफरा-तफरी का महौल, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

### सरकार ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता



*-लोगों से पैनिक खरीदारी नहीं करने की अपील*

नई दिल्ली,(ए.)। देश के कई हिस्सों में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैली अफवाहों ने आमजन में घबराहट पैदा कर दी है। नोएडा, हैदराबाद, नागपुर सहित मध्य प्रदेश के कई शहरों में पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। लोग डिब्बों और बोतलों में भी ईंधन भरवाने के लिए उमड़ पड़े, जिससे कई स्थानों पर अस्थायी रूप से स्टॉक खत्म होने की स्थिति बन गई। अनेक जगहों पर तो स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कई पंपों पर 'नो स्टॉक' के बोर्ड लगाने पड़े, हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह वास्तविक कमी नहीं, बल्कि अचानक बढ़ी मांग का परिणाम है। अधिकारियों के अनुसार, देश में ईंधन की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। यहां मध्य प्रदेश के उज्जैन, इंदौर, देवास, मंदसौर, बुरहानपुर और झाबुआ में भी यही हाल देखने को मिला। उज्जैन में तो मंगलवार रात से ही लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जिसके चलते कई पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा और स्थिति संभालने के लिए पुलिस बल तैनात करना पड़ा। इस संबंध में प्रट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि अफवाह फैली है कि जल्द ही पेट्रोल पंप बंद हो सकते हैं, जिसके कारण लोग घबराहट में जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीद रहे हैं। हैदराबाद और नागपुर में भी सप्लाई सामान्य रहने के बावजूद लोगों की भीड़ कम नहीं हो रही है। इसी बीच, एलपीजी गैस को लेकर भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

## कुंभ की 'वायरल गर्ल' मोनालिसा के गंभीर आरोप, परिवार और फिल्ममेकर पर उठाए सवाल

### -वायरल वीडियो में सनोज मिश्रा पर छेड़छाड़ का आरोप

मुंबई,(ए.)। महाकुंभ के दौरान सुर्खियों में आईं 'वायरल गर्ल' मोनालिसा भोसले एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। इस बार उन्होंने अपने परिवार और फिल्ममेकर सनोज मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दरअसल मोनालिसा ने एक वायरल वीडियो में दावा किया कि उनके माता-पिता को केवल पैसों से मतलब है और बचपन से उन्हें पारिवारिक स्नेह नहीं मिला।वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि मोनालिसा भावुक होकर कह रही हैं, कि उन्होंने अपने भाई-बहनों की परवरिश खुद की, जबकि उनकी मां शराब पीती थीं और पिता दूसरी महिलाओं के साथ रहते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार अब दिखावा कर रहा है और उनके संघर्षों को नजरअंदाज कर रहा है। यही नहीं फिल्ममेकर सनोज मिश्रा पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए मोनालिसा कहती देखी जा रहीं, उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके साथ गलत व्यवहार किया गया।



## पुरी जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार की गिनती शुरु, वीडियो-3डी मैपिंग से तैयार होगा रिकॉर्ड

### -आभूषणों और कीमती वस्तुओं की गिनती और सत्यापन बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगा

पुरी,(ए.)। जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में रखे बहुमूल्य आभूषणों और खजाने की सूची तैयार करने की लंबे समय से प्रतीक्षित प्रक्रिया बुधवार से शुरू हुई। प्रशासन ने इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है और पूरे कार्यक्रम को तय शुभ मुहूर्त में पूरा किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक सूचीकरण दल के रत्न भंडार में प्रवेश के लिए दोपहर 12:09 बजे से 1:45 बजे तक का समय तय किया। इसी दौरान आभूषणों और अन्य कीमती वस्तुओं की गिनती और सत्यापन किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी।

सूचीकरण के दौरान वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और 3डी मैपिंग कर सभी वस्तुओं का रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। सबसे पहले रत्न भंडार में रखी चल संपत्तियों की गिनती होगी, जिसके बाद वर्ष 1978 में तैयार सूची से मिलान कर सत्यापन किया जाएगा। मानक प्रक्रिया के तहत सोने के आभूषणों को पीले मखमली कपड़े में लपेटकर टिन के डिब्बों में रखा जाएगा और फिर संदूक में सुरक्षित किया जाएगा। चांदी के आभूषण सफेद या चांदी रंग के कपड़े में रखे जाएंगे, जबकि अन्य कीमती वस्तुओं को लाल मखमली कपड़े से ढककर संरक्षित किया जाएगा।

मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है, जिसमें रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दो विशेषज्ञ, यूको बैंक का एक प्रतिनिधि और मंदिर के पारंपरिक स्वर्णकार शामिल हैं।







# जैव विविधता हमारी विरासत, इसे समृद्ध करना हमारा कर्तव्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जन्मदिन पर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व को दी बड़ी सौगात, सॉफ्ट रिलीज बोमा का किया भूमि-पूजन

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सागर जिले के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिज़र्व (नौरादेही) में संरक्षित प्रजाति के कछुओं को जल में विमुक्त कर जैव विविधता संरक्षण का नव संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने चीतों के पुनर्वास के लिए बनने वाले विशेष बाड़े (बोमा) का भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार जंगलों और जल स्त्रोतों को समृद्ध बनाकर वन्य प्राणियों एवं जलीय जीवों के संरक्षण के लिए सतत् प्रयास कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से साफ पानी वाली नदियों में कछुओं की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन पर जोर देते हुए कहा कि इससे हमारे पारिस्थितिकीय संतुलन को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नौरादेही टाइगर रिजर्व को भविष्य में एक और बड़ी पहचान मिलने जा रही है। आने वाले समय में यह क्षेत्र मध्यप्रदेश में चीतों का तीसरा सुरक्षित आवास बनेगा। इससे मध्यप्रदेश के वन्य-जीव पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही हमारी जैविक सम्पदा और भी समृद्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति और विकास के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में हमारी सरकार यह महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जन्म दिवस पर चीता पुनर्वास के



लिए सॉफ्ट रिलीज बोमा (बाड़े) का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जलीय जीवों की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दिखाते हुए यहां चंबल नदी और भोपाल से लाए गए 14 कछुए भी मुक्त विचरण के लिये बामनेर नदी में छोड़े। यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा नेशनल टाइगर रिजर्व है। जिसकी सीमाएं सतपुड़ा, कान्हा और पेंच राष्ट्रीय उद्यान से मिलती हैं। नौरादेही टाइगर रिजर्व में कई प्रकार के वन्यजीवों की प्रजातियों के लिए अनुकूल वातावरण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। जंगल की सुंदरता हमारे वन्य जीवों से होती है। राज्य सरकार जीवोदया के संकल्प से कार्य कर रही है। जलचर, थलचर और नभचर सभी प्राणियों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीते समय घड़ियाल और 25 कछुए कूनो-पालपुर में छोड़े थे और 5 गिद्धों को भी मुक्तावास में छोड़ा था। यह सभी प्रकार के जीवों के संरक्षण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रदेश में वन्य-जीव पर्यटन के विकास एवं विस्तार से ग्रामीण आबादी को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। टाइगर रिजर्व से मानवों को वन्यजीवों के साथ जीने और सहअस्तित्व की भावना का सहज प्रकटीकरण होता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को अपने 61वें जन्म-दिवस पर सागर जिले की रहली तहसील स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में वन्य-जीव संरक्षण की दिशा में एक नई पहल की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली बामनेर नदी में 14 कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में विमुक्त (रिलीज) किया।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के नवनिर्मित टूरिज्म कैफे कल्चर हाउस का लोकार्पण अवसर पर बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### पमरे महाप्रबंधक ने राजभाषा सरिता के 56वें अंक का विमोचन किया



भोपाल (निप्र)। क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर की 72वीं बैठक दिनांक 25.3.226 को समिति अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, प्रमोद कुमार खत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से आगे बढ़ाया जाए। मुझे खुशी है कि पश्चिम मध्य रेलवे पर राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने सबका आव्हान करते हुए कहा कि हिंदी का प्रचार-प्रसार व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों से विभिन्न राजभाषा मदों पर अमल कर कार्रवाई करने को कहा। बैठक के दौरान राजभाषा विभाग, पश्चिम मध्य रेलवे, मुख्यालय, जबलपुर की त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका राजभाषा सरिता के 56वें अंक का विमोचन किया गया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम.एस. हाशमी ने समीक्षाधीन तिमाही में मुख्यालय, मंडलों एवं कारखानों में आयोजित कार्यक्रमों समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने रेलवे बोर्ड स्तर पर पमरे मुख्यालय को रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी। इस बैठक में समिति सदस्य एवं विभाग प्रमुख तथा मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक व कारखानों के मुख्य कारखाना प्रबंधक ऑन लाइन उपस्थित थे। सभी ने विभागों, मंडलों तथा कारखानों में सरकारी कामकाज में हुई राजभाषा प्रगति से अध्यक्ष / महाप्रबंधक को अवगत कराया तथा रचनात्मक सुझाव दिये। बैठक का संचालन संतलाल मर्सकोले, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ने किया।

### भोपाल में भीषण सड़क हादसाः कार-ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में 3 दोस्तों की मौत, एक गंभीर

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के निपानिया इलाके में कार और भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल है।पुलिस के मुताबिक, गुलाब मेहर चंदेरी गांव के सचिव हैं। उनकी पत्नी रेखा सरपंच हैं। उनका बेटा हर्ष मेहर (23), सतीश मेहर (26), लकी अहिरवार (26) और योगेश उर्फ गब्बर सेन (27) देर रात करीब 11:3 बजे चाय पीने के लिए गांव से निकले थे। कुछ ही दूरी पर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी कार की सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार युवक अंदर ही फंस गए। हादसे में हर्ष मेहर, सतीश मेहर और लकी अहिरवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि योगेश सेन गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज जारी है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।बताया जा रहा है कि टक्कर के बाद कार इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी कि रेस्क्यू टीम को गाड़ी काटकर शवों और घायल को बाहर निकालना पड़ा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की केवल एक हेडलाइट जल रही थी, जिससे अंधेरे में सामने से आ रहे वाहन का सही अंदाजा नहीं लग सका। तेज रफ्तार भी हादसे की एक वजह मानी जा रही है। लकी सागौनी गांव बैरसिया रोड का रहने वाला था और खेती करता था। हर्ष मेहर ग्राम काछी बरखेड़ा का निवासी और बी. कॉम फाइनल ईयर का छात्र था। वह परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी एक बड़ी बहन है। हादसे के समय वही कार चला रहा था। कार भी उसी की थी। सतीश मेहर ग्राम काछी बरखेड़ा का रहने वाला था। वह पिता के साथ खेती करता था। परिवार में दूसरे नंबर का था, उससे बड़ा भाई और छोटी बहन है। योगेश सेन उर्फ गब्बर सेन काछी बरखेड़ा का है। वह गंभीर रूप से घायल है, उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। योगेश भी अपने पिता के साथ खेती करता था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की तलाश जारी है। यह हादसा एक बार फिर याद दिलाता है कि सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी कितना बड़ा हादसा बन सकती है।

### सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही अमानक दवाएं

*- जनवरी-फरवरी में नौ दवाएं और एक ब्लड ग्रुपिंग किट मिली अमानक*

भोपाल (ए.)। मप्र में एक तरफ सरकारी अस्पतालों को हाईटेक बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में मरीजों को अमानक दवाएं दी जा रही हैं। आलम यह है कि सरकारी अस्पतालों में पहुंचने वाली दवाओं की जांच रिपोर्ट जब तक आती है, तब तक मरीजों में दवाएं बंट जाती हैं। कई बार स्थिति यह सामने आई है कि कोई दवा अमानक निकली है, उससे पहले मरीज उसका सेवन कर चुके होते हैं। अगर पिछले दो माह यानी जनवरी-फरवरी की बात करें तो नौ दवाएं और एक ब्लड ग्रुपिंग किट अमानक मिल चुकी हैं। बड़ी बात यह है कि इनमें छह एंटीबायोटिक हैं, जो संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए उपयोगी हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में रोगियों को बांटी जाने वाली दवाओं के लिए राज्य पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन दवाओं की खरीदी के लिए कंपनियों से अनुबंध करता है। खरीदी आदेश जिले अपनी आवश्यकता के अनुसार जारी करते हैं। दवा आपूर्ति करने वाली कंपनी तैयार दवाएं, उपकरण या अन्य उत्पाद की जांच सबसे पहले खुद की लैब में करती है, जो ड्रग एवं कॉस्मेटिक एक्ट के अंतर्गत आवश्यक शर्त है। दूसरी जांच कंपनी को अन्य नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर लैबोरेट्री (एनएबीएल) मान्यता प्राप्त लैब से करानी होती है। दोनों मानक रिपोर्ट के साथ दवा की आपूर्ति की जाती है। रिपोर्ट अमानक होने पर सॉफ्टवेयर में दवा की प्राप्ति ही अंकित नहीं होती। इसके बाद दवाएं वितरण के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं। तीसरी जांच वह अस्पताल कराता है, जहां उस दवा का पहला बैच गया है। दवा अमानक मिलती है तो तुरंत सभी जगह उसकी सूचना भेजी जाती है।

## शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

भोपाल (ए.)। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं, या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत, एक अन्य गंभीर

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के शाहपुरा इलाके में मंगलवार देर रात हुए एक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।जानकारी के अनुसार, 45 वर्षीय राजेश कजलीखेड़ा इलाके के रहने वाले थे और मेनिट परिसर स्थित एक छात्रावास में साफ-सफाई का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। मंगलवार रात वे अपने साढ़ू के साथ जाटखेड़ी में रहने वाले भाई के घर गए थे। खाना खाने के बाद दोनों देर रात करीब 1:30 बजे वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जब दोनों रोहित नगर पुलिया के पास पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। उनके साथी की हालत नाजुक बनी हुई है।बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक ही दोनों घायलों को अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन वहां छोड़ने के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक की तलाश जारी है। राजेश की असामयिक मौत से परिवार गहरे सदमे में है। वह मेहनत-मजदूरी कर अपने घर का सहारा थे। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद उनका शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एम्स भोपाल में उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों से मिलकर कुशलक्षेम लिया

भोपाल (निप्र)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने एम्स भोपाल पहुंचकर उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजन से भेंट की और मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही उपचार सुविधाओं की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने परिजनों से भी संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई और चिकित्सकीय सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराई जाएं।

## हनुमानगंज थाना परिसर में खड़े जब्त वाहनों में लगी आग, 6 वाहन जलकर खाक



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के हनुमानगंज थाना परिसर में बुधवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। थाने में खड़े जब्त वाहनों में लगी इस आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिससे परिसर में मौजूद पुलिसकर्मियों में हड़कंप की स्थिति बन गई। घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। आग लगते ही पुलिसकर्मियों ने तत्काल अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की और साथ ही फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने तेजी से राहत कार्य शुरू किया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक आधा दर्जन से अधिक जब्त वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे।

हनुमानगंज थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदोरिया के अनुसार, प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह पास स्थित इलेक्ट्रिक पोल में हुए शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। इसी से उठी चिंगारी ने पास खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। फिलहाल आग पूरी तरह नियंत्रित कर ली गई है और स्थिति सामान्य है।

### अभियान अंतर्गत गतिविधियों की विभागवार प्रगति की समीक्षा

## जल गंगा संवर्धन अभियान के लक्ष्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन करें सुनिश्चित : अपर मुख्य सचिव श्रीमती रस्तोगी

भोपाल (ए.)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी ने कहा है कि जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के लक्ष्यों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जल गंगा संवर्धन अभियान के लिये शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए उद्देश्यों को प्रभावी रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव श्रीमती रस्तोगी विकास भवन, भोपाल में आयोजित समीक्षा बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विभागवार प्रगति की समीक्षा कर रही थीं। बैठक में आयुक्त म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद अवि प्रसाद ने सहभागी विभागों के उपस्थित अधिकारियों को बताया कि अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं



रिपोर्टिंग के लिए एक सिंगल डैशबोर्ड विकसित किया जा रहा है। इससे विभागों की प्रगति की नियमित समीक्षा के साथ विभागवार रैंकिंग भी की जाएगी।सहभागी विभागों द्वारा अभियान अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर विभागों ने अपने कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं जल प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने और जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत निर्धारित कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 का प्रदेशभर में क्रियान्वयन 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुका है। अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़े कार्यों को जनसहभागिता के साथ प्रभावी रूप से लागू करना है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, वन, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, किसान कल्याण एवं कृषि विकास, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, पर्यावरण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, संस्कृति, जन अभियान परिषद एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल्द भोपाल मंडल होकर संचालित 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेने नियमित ट्रेन नम्बर से होगी संचालित



भोपाल। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर भोपाल मंडल होकर संचालित 5 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन नियमित ट्रेन संख्या से संचालित करने का निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा लिया गया है। जल्द ही ये स्पेशल ट्रेने नियमित ट्रेन के रूप में संचालित की जायेगी। जिसका विवरण इस प्रकार है- 1.गाड़ी संख्या 07363/ 07364 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश-हुबली स्पेशल नियमित ट्रेन संख्या 17363/17364 हुबली-योग नगरी ऋषिकेश-हुबली एक्सप्रेस के रूप में। 2.गाड़ी संख्या 04717/04718 हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल नियमित ट्रेन संख्या 14723/14724 हिसार-तिरूपति-हिसार स्पेशल एक्सप्रेस के रूप में। 3.गाड़ी संख्या 01449/01450 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल नियमित ट्रेन संख्या 11431/11432 पुणे-दानापुर-पुणे एक्सप्रेस के रूप में। 4.गाड़ी संख्या 01025/01026 दादर-बलिया-दादर स्पेशल नियमित ट्रेन संख्या 11043/11044 दादर-बलिया-दादर एक्सप्रेस के रूप में। 5.गाड़ी संख्या 01027/01028 दादर-गोरखपुर-दादर स्पेशल नियमित ट्रेन संख्या 11047/11048 दादर-गोरखपुर-दादर एक्सप्रेस के रूप में। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि उक्त ट्रेनों की समय-सारणी एवं अन्य जानकारी के लिए रेलवे की अधिकृत सूचना प्रणाली से जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

## सिनेमा देखना भी एक कलाः बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा

भोपाल,(निप्र)। सिनेमा देखना भी एक कला है। खासकर जो विद्यार्थी फिल्में बना रहे हैं उनमें सिनेमा देखने से विषयों के चयन की समझ बढ़ती है। विद्यार्थियों की बनाई फिल्में उनके शिक्षक और मार्गदर्शक देखें और उसकी विवेचना करें। यह कार्य पत्रकारिता में भी होता है। जो भी खबरें लिखी जाती हैं उनका विश्लेषण भी किया जाता है। इससे विषयों की समझ बढ़ती है। फिल्में बनाने वाले विद्यार्थियों को भी यह अभ्यास करना चाहिए । फिल्म देखना, उसे पसंद करना और फिर उसकी विवेचना करना बहुत जरूरी है।एमसीयू के सिनेब्रेशन 3.0 कार्यक्रम में प्रख्यात बॉलीवुड अभिनेता राजीव वर्मा ने उक्त बातें विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई फिल्मों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया।माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के सिनेमा और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव एवं फिल्म प्रदर्शनी समारोह सिनेब्रेशन 3.0 का शुभारंभ मंगलवार को हुआ।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जन्म दिवस पर बहनों ने बहनों की पाँति - भैया के नाम कार्यक्रम में शुभकामनाएं दी।

## मंडल रेल चिकित्सालय में विश्व तपेदिक (टीबी) दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के मंडल रेल चिकित्सालय में विश्व तपेदिक (टीबी) दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अजय डोंगरा, सीएमएस के निर्देशन में तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रचना श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चिकित्सालय के सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ डीएमओ डॉ. श्रुति मेढेकर द्वारा तपेदिक (टीबी) के प्रकार, उसके उपचार तथा बीसीजी टीकाकरण के संबंध में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। संगोष्ठी के दौरान टीबी के संक्रमण के स्त्रोत, उसके संकेत एवं लक्षण, उपचार हेतु उपलब्ध दवाओं की व्यवस्था तथा उपचार बीच में छोड़ देने से उत्पन्न होने वाली संभावित जटिलताओं के विषय में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही उपस्थित समूह द्वारा पूछे गए प्रश्नों एवं शंकाओं का संतोषजनक समाधान भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोग



के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर जांच एवं पूर्ण उपचार के महत्व को रेखांकित करना रहा।

## सात साल की आदिवासी मासूम को देह व्यापार के लिए उठाया, चार को उम्रकैद; कुल 13 दरिंदे सलाखों के पीछे




सीहोर (ए.)। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के थाना इछावर क्षेत्र के डुंडलावा गांव में 10 फरवरी 2024 की सुबह एक ऐसा जघन्य और रोंगटे खड़े कर देने वाला अपराध अंजाम दिया गया, जिसने पूरे जिले को हिला कर रख दिया। सफेद रंग की एक चार पहिया गाड़ी में सवार दरिंदों ने जनजाति वर्ग की महज 7 साल की अबोध बालिका को पानी देने के बहाने बुलाया और पलक झपकते ही उसे गाड़ी में डालकर फरार हो गए। मासूम का 5 साल का भाई चीखता-बिलखता रह गया। इस दरिंदगी का मकसद और भी भयावह था, उस मासूम को देह व्यापार के दलदल में धकेलना।

**पानी लेने गई बच्ची, लौटी नहीं.. तब नाना ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

सुबह 8 से 9 बजे के बीच पीड़िता अपने 5 वर्षीय छोटे भाई के साथ घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक सफेद कार घर के सामने आकर रुकी और उसमें बैठे शख्स ने पीड़िता से पानी मांगा। मासूम घर के भीतर गई, बोतल में पानी भरा और कार वाले को देने निकल गई।

# तेल खत्म होने वाला है की अफवाह से क्यों मची एमपी में अफरातफरी ?

बालाघाट (ए.)। पश्चिम एशिया में इस्राइल-अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अब भारत के अंदरूनी इलाकों तक दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के कई जिलों में पेट्रोल-डीजल को लेकर अचानक अफवाह फैल गई कि ईंधन की भारी किल्लत होने वाली है। इस खबर ने आम लोगों के बीच डर और असमंजस की स्थिति पैदा कर दी।

अफवाह का असर इतना तेज था कि इंदौर, बालाघाट, खरगोन, उज्जैन और धार में लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे। देखते ही देखते पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं और पैनिक बाइंग की स्थिति बन गई। कई लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के साथ-साथ केनों में भी पेट्रोल जमा करते नजर आए, जिससे हालात और ज्यादा बिगड़ गए।हालांकि प्रशासन और तेल कंपनियों ने साफ किया है कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। इसके बावजूद अफवाहों के कारण अचानक बढ़ी भीड़ ने व्यवस्था पर दबाव बना दिया, जिसे संभालने के लिए प्रशासन को सक्रिय होकर मैदान में उतरना पड़ा। आइये जानते हैं इन शहरों में क्या स्थिति रही।



**रातभर खुले रहे पंप, सड़कों पर लगी रहीं कतारें**

**इंदौर में कैसे हालात बने ?**

इंदौर में कल शाम से पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़ ने प्रशासन की नींद उड़ा दी। देर रात ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मैदान में उतर गए और व्यवस्थाएं संभालीं। आज सुबह से भी पेट्रोल पंपों पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैनात हैं, जो यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पेट्रोल और डीजल को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न बढ़े।

**पेट्रोल पंपों को देर रात तक खुले रखने के निर्देश**

इंदौर के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेट्रोल-डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रशासन के निर्देश पर जिले के कई पेट्रोल पंपों को देर रात तक खुले रखा गया, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। एडीएम सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की टीमों ने देर रात तक पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्वयं फील्ड में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पेट्रोल-डीजल वितरण की सतत मॉनिटरिंग की। सभी पंप संचालकों को निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समय से अधिक देर तक पंप खुले रखें और उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से ईंधन उपलब्ध कराएं।

**सुबह से मांगलिया से निकले टैंकर**

जिला आपूर्ति नियंत्रक एम. एल. मारू ने बताया कि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में प्रतिदिन लगभग 10 लाख लीटर पेट्रोल और 15 लाख लीटर डीजल की खपत होती है, जबकि पंपों पर करीब 42 लाख लीटर पेट्रोल और 65 लाख लीटर डीजल का स्टॉक मौजूद है।

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर अफवाह, पंपों पर लगी भीड़; प्रशासन ने कहा- स्टॉक पर्याप्त परेशान न हों




धार (ए.)। अमेरिका-इजरायल और ईरान जैसे देशों के बीच तनाव के कारण गैस एवं ईंधन व्यापार प्रभावित होने की खबरों के बीच धार में पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह फैल गई। मंगलवार देर रात आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में यह अफवाह तेजी से फैली, जिसके चलते लोग बड़ी संख्या में पेट्रोल पंपों पर पहुंच गए और लंबी कतारों में खड़े हो गए।

भीड़ बढ़ने पर पंप संचालकों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश दी, लेकिन देर रात तक स्थिति सामान्य नहीं हो सकी। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी जिले में पर्याप्त ईंधन स्टॉक होने की अपील जारी की, हालांकि इसका तत्काल असर नहीं दिखा।

बुधवार सुबह मांडू रोड स्थित पेट्रोल पंपों पर खुलने से पहले ही लोग दोपहिया वाहनों के साथ पहुंच गए। इसी तरह की स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिली। पेट्रोल भरवाने पहुंचे कैलाश शर्मा ने बताया कि उन्हें एक परिचित से सूचना मिली थी कि पेट्रोल मिलना बंद हो सकता है। जब वे पंप पर पहुंचे, तो सैकड़ों लोगों को लाइन में देखकर हैरान रह गए।

**किसानों में ज्यादा चिंता**

पेट्रोल खत्म होने और कीमत बढ़ने की अफवाह के चलते लोग अपने वाहनों की टंकियां फुल कराने के लिए बड़ी संख्या में पंपों पर पहुंचे। कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं, वहीं कुछ लोग केनों में भी पेट्रोल का स्टॉक करते नजर आए। किसानों में सबसे अधिक चिंता देखी गई। खेती-किसानी के लिए डीजल की जरूरत को देखते हुए कई किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पंपों पर पहुंच गए, ताकि भविष्य में किसी कमी से काम प्रभावित न हो।

प्रशासन ने भारत पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली, जहां से पर्याप्त स्टॉक होने की पुष्टि की गई। सभी पंप संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ग्राहकों को सही जानकारी दें और अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करें। पंप संचालक रवि खंडेलवाल ने बताया कि बुधवार दोपहर तक टैंकर के माध्यम से तीन पंपों पर करीब 15 हजार लीटर पेट्रोल पहुंचाया जा रहा है।

## कोर्ट का बड़ा एक्शन, 22 बार आदेश टाला तो IAS अधिकारियों को मिली जेल की सजा

इंदौर (ए.)। इंदौर हाई कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मध्य प्रदेश के चार उच्च पदस्थ अधिकारियों को न्यायालय की अवमानना का दोषी पाया है। मंदसौर में वार्ड बॉय और अन्य कर्मचारियों के नियमितीकरण से जुड़े मामले में अदालत के आदेशों की लगातार अनदेखी करना इन अधिकारियों को महंगा पड़ गया है। कोर्ट ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को दो महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

**इन अधिकारियों पर गिरी गाज**

अदालत के आदेश को 22 बार नजरअंदाज करने के आरोप में इंदौर हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश शासन के तत्कालीन प्रमुख सचिव और सेवानिवृत्त आईएएस मोहम्मद सुलेमान, स्वास्थ्य आयुक्त आईएएस तरुण राठी, रीजनल डायरेक्टर डी के तिवारी और मंदसौर के सीएमएचओ गोविंद चौहान को सजा सुनाई है। इन सभी को दो महीने की जेल की सजा दी गई है, हालांकि कोर्ट ने फिलहाल इस



सजा के क्रियान्वयन को तीन सप्ताह के लिए स्थगित रखा है।

**क्या था विवाद का मुख्य कारण**

यह पूरा कानूनी विवाद साल 2004 से 2016 के बीच स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त हुए कर्मचारियों के नियमितीकरण से संबंधित है। मंदसौर जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत वार्ड बॉय और स्वीपर जैसे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इस विषय पर एडवोकेट प्रसन्न भटनागर और प्रवीण कुमार भट्ट के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

**नियमित वेतनमान के लिए जारी हुए थे निर्देश**

पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने इन याचिकाओं को स्वीकार किया था और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया था कि जिन कर्मचारियों ने 10 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें उस तिथि से नियमित वेतनमान और अन्य लाभ प्रदान किए जाएं। अदालत ने इस आदेश के पालन के लिए तीन महीने की समय सीमा निर्धारित की थी।

**विभाग की ओर से 22 बार समय मांगा गया**

विभाग द्वारा आदेश का पालन न किए जाने पर कर्मचारियों ने कोर्ट की शरण ली और अवमानना याचिका दाखिल की।

सुनवाई के दौरान विभाग की ओर से 22 बार समय मांगा गया, लेकिन फिर भी आदेश का क्रियान्वयन नहीं हुआ। अंततः कोर्ट ने इसे न्यायपालिका के आदेश की जानबूझकर की गई अवहेलना माना और दोषी अधिकारियों को जेल भेजने का निर्णय लिया।

**व्यापार समाचार**

# एशियाई संकेतों और ट्रंप के बयान से भारतीय शेयर बाजार में तेजी

### - सेंसेक्स 700 अंक चढ़कर खुला, निफ्टी 23150 के पार

मुंबई (ए.)। एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और वैश्विक स्तर पर सुधरते माहौल के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में मजबूती के साथ खुले। निवेशकों का भरोसा उस समय और बढ़ा जब छ्रश्वठ्ठद्ब्रह्य ञ्जह्म्ह्वद्वश्च ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध समाप्त करने को लेकर बातचीत जारी है, जिससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 1610.04 अंक चढ़कर 75,678.49 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 505.20 अंक चढ़कर 23,417.60 अंक पर आ गया। वहीं पिछले दिन मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1372.06 अंक उछलकर 74,068.45 अंक पर बंद हुआ था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 445.15 अंक की बढ़त के साथ 23,408.80 पर बंद



हुआ था। विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक तनाव में कमी की उम्मीद और विदेशी बाजारों में सकारात्मक रुख से भारतीय बाजार को समर्थन मिला है।

निवेशकों ने आईटी, बैंकिंग और मेटल सेक्टर में खरीदारी दिखाई, जिससे बाजार को अतिरिक्त मजबूती मिली। कुल मिलाकर, बाजार में फिलहाल सकारात्मक धारणा बनी हुई है और अगर वैश्विक परिस्थितियां स्थिर रहती हैं, तो आने वाले दिनों में यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है। वहीं जापान, दक्षिण कोरिया, चीन और ऑस्ट्रेलिया के बाजार बुधवार को शुरुआती कारोबार में बढ़त के साथ खुले। इसकी वजह ट्रंप का बयान रहा, जिससे उम्मीद जगी कि पश्चिम एशिया में चल रही तनावपूर्ण स्थिति जल्द खत्म हो सकती है।

जापान का निक्केई 225 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी क्रमश: 2.9 प्रतिशत और 3.05 प्रतिशत की बढ़त पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिका में एसएंडपी 500 और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज सोमवार को क्रमश: 0.37 प्रतिशत और 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## स्कोडा ऑटो का 2026 में बिक्री में 12 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य

नई दिल्ली (ए.)। स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2025 में लगभग 72,000 वाहन बेचे। ब्रांड निदेशक ने बताया कि पिछले वर्ष कंपनी की बिक्री में लगभग 100 फीसदी वृद्धि हुई थी। हालांकि, उच्च आधार के कारण हर साल इतनी तेजी से वृद्धि व्यावहारिक नहीं है। 2026 में कंपनी कम से कम 10-12 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी ने अपने मध्यम आकार के एसयूवी कुशाक का नया संस्करण पेश किया है। इसके साथ ही काइलैक श्रृंखला में दो नए संस्करण और दो नई कीमतें शामिल की गई हैं। अगले कुछ महीनों में कोडिएक और स्लाविया मॉडलों में बदलाव किए जाएंगे।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 1372 , निफ्टी 399 अंक उछला**

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को भी लगातार दूसरे कारोबारी दिन तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को भी बाजार उछाल के साथ बंद हुआ था। बाजार में ये तेजी मध्यपूर्व में संघर्ष घटने की संभावनाओं के कारण , विदेशी बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद




30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1372.06 अंक उछलकर 74,068.45 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 399. 75 अंक बढ़कर 22,912.40 पर बंद हुआ। बाजार में आये इस उछाल का कारण अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होना है। अमेरिका ने बातचीत के लिए और समय देने के लिए ईरान की ऊर्जा केन्द्रो पर हमलों को रोकने का आदेश भी दिया है। वहीं कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर से नीचे आने से भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 5 फीसदी से अधिक गिरकर 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गईं हैं। ब्रेंट ऑयल के जून फ्यूचर्स भाव भी गिरकर लगभग 93.45 डॉलर पर आ गए।

आज कारोबर के दौरान निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज़्यादा बढ़त श्रीराम फाइनेंस के शेयरों में रहीं। , जिसमें 5.80 फीसदी की बढ़त रही। इसके बाद, अल्ट्राटेक सीमेंट्स में 4.09 फीसदी की बढ़त, बजाज फाइनेंस में 3.98 फीसदी की बढ़त, ग्रासिम इंडस्ट्रीज में 3.86 फीसदी की तेज़ी और अडानी एंटरप्राइजेज में 3.78 फीसदी की बढ़त रही।

निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज़्यादा नुकसान टेक महिंद्रा को हुआ जिसमें 1.69 फीसदी की गिरावट देखी गई।

# सोने में 5 हजार से ज्यादा उछाल, चांदी भी 10 हजार चढ़ी

### - सोने का भाव 1,43,999 रुपए, चांदी लगभग 2,32,898 रुपए



नई दिल्ली (ए.)। सोना और चांदी के वायदा भाव में बुधवार को मजबूत तेजी देखने को मिल रही है। घरेलू बाजार के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों की कीमतें बढ़त के साथ कारोबार कर रही हैं, जिससे निवेशकों का झुकाव एक बार फिर सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट बुधवार को 4,167 रुपये की तेजी के साथ 1,43,079 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,38,912 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट करीब 5,087 रुपये की बढ़त के साथ 1,43,999 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान सोने ने 1,44,434 रुपये का उच्च और 1,43,079 रुपये का निचला स्तर छुआ। वहीं चांदी के वायदा भाव में भी तेज शुरुआत हुई। एमसीएक्स पर मई कॉन्ट्रैक्ट 8,957 रुपये की तेजी के साथ 2,32,898 रुपये पर खुला, जो पहले 2,23,941 रुपये पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान चांदी करीब 10,554 रुपये की बढ़त के साथ 2,34,495 रुपये पर पहुंच गई। इस दौरान इसका उच्च स्तर 2,36,137 रुपये रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी तेजी का रुख बना हुआ है। कॉमेक्स पर सोना 4,571.50 डॉलर प्रति औंस के करीब कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी 73.44 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितता और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के चलते सोना-चांदी की कीमतों में यह तेजी देखने को मिल रही है। आने वाले दिनों में बाजार की दिशा अंतरराष्ट्रीय संकेतों पर निर्भर करेगी।

## रुपया गिरावट पर बंद

*मुंबई (ए)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को 8 पैसे की गिरावट के साथ ही 93.84 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 18 पैसे टूटकर 93.94 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से निवेशक चिंतित हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, डॉलर की कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों की मजबूत शुरुआत ने स्थानीय मुद्रा में अधिक गिरावट को रोक दिया। उन्होंने बताया कि हालांकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी ने स्थानीय मुद्रा पर दबाव बना रखा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.94 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया मंगलवार को 23 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.76 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.28 पर रहा।*



## सिगरेट की हर कश में जल रही आपकी गाढ़ी कमाई, आज ही छोड़ें तो इतने सालों में बन जाएंगे लखपति

नई दिल्ली (ए.) । हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में खर्चों की कई ऐसी छोटी-छोटी आदतें होती हैं, जिन पर अक्सर हमारा ध्यान नहीं जाता। इनमें सबसे बड़ा और खतरनाक नाम है सिगरेट। यह जानलेवा लत सिर्फ आपके स्वास्थ्य को ही अंदर से खोखला नहीं कर रही है, बल्कि आपकी जीवनभर की वित्तीय स्थिति को भी दीमक की तरह चाट रही है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि अगर सिगरेट के धुएं में उड़ने वाली इस भारी-भरकम रकम को तुरंत रोककर सही जगह निवेश कर दिया जाए, तो भविष्य के लिए एक बेहद मजबूत आर्थिक दीवार तैयार की जा सकती है।

**दो दशकों में आसमान पर पहुंचे सिगरेट के दाम**

अगर पिछले दो दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो सिगरेट की कीमतों में बेतहाशा और चौंकाने वाली वृद्धि हुई है। साल 2005 में सिगरेट का जो पैकेट महज 59 रुपये में मिला करता था, आज साल 2026 में उसकी कीमत 480 रुपये के पार जा पहुंची है। महंगाई की इस डराने वाली रफ्तार को देखें तो पिछले 21 वर्षों में इसके दामों में 713 फीसदी का भारी उछाल आया है। आंकड़ों के मुताबिक, साल 2010 में यह 96 रुपये, 2015 में 200 रुपये और 2020 में 300 रुपये का आंकड़ा पार कर गई थी। सिगरेट की महंगाई 185 फीसदी की दर से बढ़ते हुए अब 7 गुना से भी अधिक हो चुकी है।

**हर महीने धुएं में उड़ रहे हजारों रुपये**

वर्तमान समय के खर्चों का आकलन करें तो अगर कोई व्यक्ति किसी प्रीमियम ब्रांड (जैसे मार्लबोरो रेड या आईटीसी गोल्ड फ्लेक किंग्स) की रोजाना 10 सिगरेट भी पीता है, तो उसका सीधा और भयानक असर उसकी जेब पर पड़ता है। एक महीने में यह फालतू खर्च करीब 7,000 से 8,000 रुपये बैठता है। सालाना आधार पर यही रकम 80,000 से 90,000 रुपये हो जाती है। कई मामलों में तो यह एक औसत वेतनभोगी की गाढ़ी कमाई का 35 प्रतिशत तक हिस्सा होता है, जो सचमुच धुएं में उड़ रहा है। आपको बता दें कि भारत में करीब 13 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं, जो वैश्विक स्तर पर एक बहुत बड़ा और चिंताजनक आंकड़ा है।

**सिगरेट छोड़िए और 'निफ्टी' से बनाइए बड़ी दौलत**

अब इस पूरे नुकसान को वित्तीय नजरिए से समझते हैं। अगर कोई व्यक्ति आज ही सिगरेट की लत छोड़कर हर साल खर्च होने वाले इन रुपयों को 'निफ्टी एसआईपी (SIP)' में निवेश करना शुरू कर दे, तो उसकी जिंदगी की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। शेयर बाजार के औसत 12 फीसदी सालाना रिटर्न को ही अगर आधार मान लिया जाए, तो अगले 10 साल और उससे आगे निरंतर निवेश जारी रखने पर, कम्पाउंडिंग की ताकत से इस फंड की वैल्यू 15 से 20 लाख रुपये तक पहुंच सकती है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# इच्छा-मृत्यु की प्रक्रिया

इच्छा-मृत्यु की प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अस्पताल अब अधिकृत हो जाएंगे। मगर प्रक्रिया की शुरुआत तभी होगी, जब मरीज के सर्वोत्तम हित में विस्तृत मेडिकल समीक्षा कर ली गई होगी। इस तरह इच्छा-मृत्यु का एक कायदा तय हो गया है।

अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति की चेतना वापस आने की आस टूट गई हो, तो मेडिकल उपकरणों से सहारे उस व्यक्ति की सांस चलाते रखने का प्रयास कब तक किया जाना चाहिए? डॉक्टर हथियार डाल चुके हों, उसके बावजूद मानसिक रूप मृत, लेकिन शारीरिक रूप से जीवित ऐसे व्यक्ति की उपस्थिति किस हद तक वांछित है? ये बड़े बुनियादी किस्म के सवाल हैं, जो कुछ खास मामलों में हर आधुनिक समाज के सामने उपस्थित होते रहे हैं। इन सवालों के साथ धार्मिक, रिवायती और सामाजिक प्रश्न जुड़े रहते हैं। इसे स्वीकार कर लेने के बावजूद कि उनका प्रिय व्यक्ति अब सचेत नहीं हो पाएगा, भावनात्मक लगाव, एवं कई बार 'लोग क्या कहेंगे' जैसे सामाजिक दबाव के कारण परिवार पीड़ित की मृत्यु के इंतजार में बैठा रहता है। यह ऐसी पीड़ा है, जिसमें अचेतावस्था में पड़े व्यक्ति के साथ-साथ पूरा परिवार लंबे समय तक झूलता रहता है। एक ऐसे ही मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने पूर्ण मेडिकल देखरेख में इच्छा-मृत्यु की इजाजत दी है। अशोक राणा अगस्त 2013 में पेइंग गेस्ट आवास की चौथी मंजिल से गिरने के बाद से अचेतावस्था में पड़े हुए हैं। 12 साल से जारी उनकी पीड़ा से आजिज़ परिवार ने सर्वोच्च न्यायालय से इच्छा-मृत्यु प्रदान करने की अनुमति मांगी। भारत में यह ऐसा पहला मामला नहीं है, मगर इस बार कोर्ट ने ऐसे मामलों के लिए प्रतिमान तय किया है। कहा है कि ऐसी प्रक्रिया पूर्ण चिकित्सकीय योजना के साथ संपन्न की जानी चाहिए।चिकित्सा उपकरणों को हटाने के दौरान मरीज को पीड़ा से बचाना और यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि इसका अर्थ मरीज से पल्ला झाड़ना ना समझा जाए। अशोक राणा के मामले यह प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान में पूरी की जाएगी। इसके बाद ऐसी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए मरीज की भर्ती के लिए अस्पताल अधिकृत हो जाएंगे। मगर प्रक्रिया की शुरुआत तभी की जा सकेगी, जब मरीज के सर्वोत्तम हित में उसकी विस्तृत मेडिकल समीक्षा कराई जा चुकी होगी। इस तरह इच्छा-मृत्यु का एक कायदा तय हो गया है। बेहतर होगा, संसद इसकी रोशनी में विस्तृत वैधानिक प्रावधान कर दे।

# भारतीय रेल में रिफॉर्म की पटरी पर विकास का बिगुल

**-बिनोद कुमार सिंह**

**सुविधा,सुरक्षा और गति के नए युग की ओर बढ़ता भारत का भारतीयरेल**

भारत की जीवनरेखा कही जाने वाली भारतीय रेल आज एक ऐसे परिवर्तनकाल से गुजर रही है,जहाँ उसकी भूमिका केवल परिवहन तक सीमित नहीं रह गई है। यह अब देश की आर्थिक गति,सामाजिक संपर्क और सांस्कृतिक एकात्मता का सशक्त माध्यम बन चुकी है।वर्ष के प्रारम्भ में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा व्यक्त दृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भारतीय रेल को पारंपरिक ढांचे से निकालकर आधुनिक,कुशल और यात्री-केंद्रित प्रणाली में रूपांतरित करना अब प्राथमिकता है।यह परिवर्तन केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर तेजी से आकार लेता दिखाई दे रहा है। रेल भवन में आयोजित हालिया प्रेस वार्ता में घोषित आठ प्रमुख सुधारों ने इस बदलाव को एक स्पष्ट दिशा दी है। ये सुधार किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं,बल्कि रेलवे के संचालन,संरचना,सेवा और सोच—सभी को समाहित करते हैं।यही कारण है कि आज भारतीय रेल का चेहरा व्यापक रूप से बदलता नजर आ रहा है। आधुनिक ट्रेनों के संचालन ने इस परिवर्तन को सबसे अधिक दृश्य रूप दिया है। अमृत भारत,वंदे भारत एक्सप्रेस और वंदे भारत स्लीपर जैसी ट्रेनों ने यात्रा के अनुभव को नई ऊँचाई दी है। ये ट्रेनें गति,आराम और तकनीकी उत्कृष्टता का संतुलित मेल प्रस्तुत करती हैं।वही नमो भारत ट्रेन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति देते हुए छोटे शहरों और महानगरों के बीच दूरी को कम कर रही है। इसके साथ ही बुलेट ट्रेन परियोजना भारत को उच्च गति रेल नेटवर्क की वैश्विक श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी प्रयास है।स्टेशनों का पुनर्विकास इस परिवर्तन की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी है।देश के अनेक रेलवे स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर यात्रियों को एक व्यवस्थित,स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण प्रदान कर रहे हैं। प्रतीक्षालयों की गुणवत्ता,डिजिटल सूचना प्रणाली,एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी सुविधाएँ अब सामान्य होती जा रही हैं। रेलवे स्टेशन अब केवल यात्रा के पड़ाव नहीं,बल्कि अनुभव के केंद्र



बनते जा रहे हैं। इन व्यापक परिवर्तनों के बीच घोषित आठ सुधार भारतीय रेल के भविष्य की बुनियाद के रूप में उभरते हैं।सबसे पहला सुधार टिकटिंग प्रणाली के पूर्ण डिजिटली करण और सरलीकरण से संबंधित है।टिकट बुकिंग की जटिलताओं को समाप्त कर इसे पारदर्शी और सहज बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाया जा रहा है,जिससे हर वर्ग का यात्री बिना किसी कठिनाई के टिकट प्राप्त कर सके।दूसरा सुधार सुरक्षा तंत्र के सुदृढ़ीकरण का है। रेलवे परिसरों और ट्रेनों में आधुनिक निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी नेटवर्क और तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों को विस्तार दिया जा रहा है।इससे यात्रियों में सुरक्षा का विश्वास बढ़ेगा और रेलवे एक अधिक सुरक्षित यात्रा माध्यम के रूप में स्थापित होगा।तीसरा सुधार समय बद्धता और परिचालन दक्षता पर केंद्रित है।ट्रेनों की देरी को कम करने के लिए सिग्नलिंग प्रणाली का आधुनिकी करण,ट्रैक उन्नयन और बेहतर संचालन प्रबंधन पर बल दिया जा रहा है। यह पहल रेलवे की विश्वसनीयता को मजबूत करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

चौथा सुधार स्टेशनों के कायाकल्प से जुड़ा है,जिसके अंतर्गत उन्हें आधुनिक सुविधाओं और बेहतर प्रबंधन के साथ विकसित किया जा रहा है। इससे यात्रियों को एक सुव्यवस्थित और सम्मानजनक यात्रा अनुभव प्राप्त होगा।पाँचवाँ सुधार खानपान और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने का है।भोजन की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया जा रहा है,जिससे यात्रियों को सुरक्षित और संतोषजनक सेवाएँ मिल सकें। छठा सुधार आधुनिक ट्रेनों के विस्तार और उनकी गति में वृद्धि का है। नई पीढ़ी की ट्रेनों के माध्यम से यात्रा को तेज,आरामदायक और तकनीकी रूप से उन्नत बनाया जा रहा है,जिससे भारतीय रेल वैश्विक मानकों की ओर अग्रसर हो सके।सातवाँ सुधार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और हाई-स्पीड परियोजनाओं के विकास से संबंधित है।ट्रैक,पुल और अन्य संरचनाओं के उन्नयन के साथ-साथ बुलेट ट्रेन जैसी परियोजनाएँ रेलवे को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की क्षमता रखती हैं।आठवाँ और अंतिम सुधार पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने का है।रेलवे तेजी से विद्युतीकरण की दिशा में आगे बढ़ रही है,जिससे डीजल पर निर्भरता कम हो और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखा जा सके।यह कदम सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इन सुधारों की श्रृंखला में भारतीय रेल केवल अपनी संरचना ही नहीं, बल्कि अपनी कार्यशैली और दृष्टिकोण को भी बदल रही है।अब यह एक ऐसी सेवा प्रणाली के रूप में उभर रही है,जो यात्रियों की अपेक्षाओं को समझते हुए उन्हें प्राथमिकता देती है।यह परिवर्तन देश की अर्थव्यवस्था को गति देने, व्यापार को सशक्त करने और दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।आज भारतीय रेल जिस दिशा में आगे बढ़ रही है,वह एक नए भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है -जहाँ गति है,सुरक्षा है,सुविधा है और सबसे बढ़कर विश्वास है।यह विकास का बिगुल केवल पटरियों तक सीमित नहीं,बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक बन चुका है। आने वाले समय में यही रेल तंत्र भारत की विकास यात्रा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में निर्णायक भूमिका निभाईगी ।

# खेलो इंडिया जनजातीय खेलः भारत के ओलंपिक सपनों की ओर एक मजबूत कदम

**डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा**

भारत की खेल यात्रा अद्भुत विविधता से भरी हुई है। उत्तर-पूर्व के पहाड़ों से लेकर मध्य भारत के जंगलों तक, हमारे देश के हर कोने में प्रतिभा मौजूद है। खेलो इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत को अब आठ वर्ष हो चुके हैं, और इतने कम समय में यह एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में विकसित हो चुका है। युवा खेल, विश्वविद्यालय खेल, बीच गेम्स और विंटर गेम्स जैसे विभिन्न आयामों के माध्यम से, खेलो इंडिया ने देशभर के युवा खिलाड़ियों की विविध प्रतिभाओं को पहचानने और उभारने में सफलता प्राप्त की है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेल (केआईटीजी) का समावेश इस यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इसका पहला संस्करण 25 मार्च से 3 अप्रैल तक छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 3,000 खिलाड़ी भाग लेंगे। इन खेलों में सात पदक खेल शामिल होंगे—एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन , तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

इन खेलों का आयोजन बस्तर क्षेत्र के जनजातीय बहुल जिलों, जो प्राचीन दंडकारण्य क्षेत्र का हिस्सा हैं, के साथ-साथ सरगुजा क्षेत्र, रायगढ़ और मानपुर जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। यह केवल एक और खेल प्रतियोगिता की शुरुआत नहीं है, बल्कि यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को व्यापक बनाते हुए हर खिलाड़ी तक अवसर पहुँचाना है—चाहे वह किसी भी भौगोलिक या सामाजिक पृष्ठभूमि से आता हो। सीधे शब्दों में कहें तो यह हाशिए पर पड़े खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है।

जनजातीय क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने लंबे समय से देश को गौरवान्वित किया है। राजस्थान के महान तीरंदाज लिम्बा राम से लेकर झारखंड की तीरंदाजी स्टार दीपिका कुमारी तक, और अनेक हॉकी खिलाड़ियों से लेकर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू तक, उनकी उपलब्धियाँ लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। ये उदाहरण इन क्षेत्रों में निहित अपार संभावनाओं को दर्शाते हैं।

कई जनजातीय क्षेत्र ऐसे भी हैं जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करते रहे हैं। इन क्षेत्रों के युवाओं के लिए पहचान और विकास के अवसर सीमित रहे हैं। ऐसे में, इन क्षेत्रों में संगठित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मोड़ने का कार्य करता है। यह अनिश्चितता को अवसर में और अलगाव को समावेशन में बदलने का प्रयास है।

वास्तव में, हमारे माननीय प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण—खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत—आज साकार हो रहा है। खेल आज एक सशक्त माध्यम और समान अवसर प्रदान करने वाला साधन बन चुका है, जो वंचित वर्गों के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने का अवसर देता है। जनजातीय क्षेत्रों में खेलो इंडिया का विस्तार इसी दृष्टि का स्वाभाविक विस्तार है और यह इस विश्वास को मजबूत करता है कि खेल राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

खेलो इंडिया जनजातीय खेलों का आयोजन स्थानीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इससे जनजातीय क्षेत्रों में खेल अवसंरचना का विकास और उन्नयन होगा, साथ ही स्थानीय कोच, प्रशिक्षकों और सहयोगी कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। स्कूलों और सामुदायिक संस्थानों को दैनिक जीवन में खेल को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जमीनी स्तर पर एक स्थायी और समावेशी खेल संस्कृति विकसित हो सके।ये खेलो इंडिया जनजातीय खेल केवल एक बार आयोजित होने वाला आयोजन नहीं हैं, बल्कि इन्हें खेलो इंडिया के वार्षिक कैलेंडर में स्थायी स्थान दिया जाएगा। इससे देशभर के जनजातीय खिलाड़ियों को निरंतर और नियमित मंच मिलेगा, जो उनके दीर्घकालिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक संस्करण के साथ ये खेल व्यापक खेलो इंडिया (इकोसिस्टम) पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक आधार के रूप में कार्य करेंगे। इस दृष्टि से, जनजातीय खेल केवल एक मंच नहीं, बल्कि एक समृद्ध खेल संसार में प्रवेश का द्वार हैं।


इन खेलों के माध्यम से हम प्रतिभाओं की पहचान और उनके विकास का लक्ष्य रखते हैं। राष्ट्रीय कोच, उच्च प्रदर्शन निदेशक और भारतीय खेल प्राधिकरण के तकनीकी विशेषज्ञ इन खेलों में उपस्थित रहेंगे। चयनित खिलाड़ियों को उन्नत प्रशिक्षण के लिए भाखेप्रा केंद्रों में भेजा जाएगा, जिससे वे अपने खेल करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकें।

# भारत की विदेश नीति में ईरान के लिए आँसू नहीं होंगे

हरिशंकर व्यास

मैं प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के समय से भारत के इज़राइल से संबंधों का हिमायती हूं। उस नाते प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने जनवरी 1992 में हिम्मत दिखाकर इज़राइल से पूर्ण राजनयिक संबंध बनाए और राजदूतों की नियुक्ति हुई, तब मैंने इसी कॉलम में वाह की थी। मगर इस सप्ताह नरेंद्र मोदी और नेतन्याहू के फोटोशूट में तो ग़ज़ब ही हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इज़राइल की संसद केनेस्सेट में भाषण से दो देशों का वह मिलाप बनाया जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। उन्होंने दुनिया, पश्चिमी एशिया, इस्लामी-अरब देशों की जमात सभी को बता दिया कि भारत केवल इज़राइल का सगा है। पता नहीं मोदी का भाषण किसने लिखा, मगर जब उन्होंने खुद अपनी ज़ुबानी कहा है तो यह साफ जाहिर हुआ मानो उनकी कूटनीति का एकमेव सत्य भारत और इज़राइल एक-दूसरे के लिए! सो मोदी ने सिंधु घाटी और जॉर्डन घाटी का उल्लेख कर आदिकाल में बने भारत-इजराइल संबंध बताए। उन्होंने 'तिक्कुन ओलाम' (दुनिया को सुधारने का हिब्रू विचार) और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' (संसार एक परिवार है) को साथ रखा। उन्होंने हनुक्का और पुरिम को दीवाली और होली से जोड़ा।

मतलब कूटनीति, व्यापार और सहयोग अपनी जगह असल बात- मोदीजी ने जैसे रामलला की ऊंगली पकड उन्हे मंदिर में बैठाया वैसे ही उनके सौजन्य से दो प्राचीन सभ्यताओं मतलब फादरलैंड व मदरलैंड का अंततः हुआ मिलाप । मोदी ने स्वंय संसद में फादरलैंड, मदरलैंड शब्द का उपयोग किया। हालांकि उनका वाक्य यह परिप्रेक्ष्य लिए हुए था कि इज़राइल में रह रहे भारतीय मूल के यहूदी समुदाय भावनात्मक रूप से इज़राइल को अपनी पितृभूमि और भारत को अपनी मातृभूमि मानते हैं। वे दृढ़ता से मानते हैं कि इज़राइल उनकी पितृभूमि है और भारत उनकी मातृभूमि।इस वाक्य के अलावा भाषण में सिंधु घाटी और जॉर्डन घाटी की दो सभ्यताओं के मिलाप और अम यिस्त्राएल खाई के साथ जय हिंद का नारा भी बोला। कुल मिलाकर भारत और इज़राइल के अस्तित्व और यात्रा की एक साझा कथा बनाते हुए फादरलैंड, मदरलैंड की तुकबंदी बनाई। इज़राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू तथा इज़राइली मीडिया का गदगद होना स्वभाविक था। यों भी नेतन्याहू ने स्वागत भाषम में ही मोदी का यह कहते हुए अभिनंदन किया—7 अक्टूबर के भयानक नरसंहार के तुरंत बाद आप स्पष्ट, नैतिक और दृढ़ता से इज़राइल के साथ खड़े हुए।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। आज सफलता मिलने से थकान दूर हो जाएगी। आज आपकी कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। आज प्रॉपर्टी संबंधी कार्य संपन्न होंगे। इसके साथ घर में भी आध्यात्मिक और सकारात्मक वातावरण बना रहेगा। आज घर के बड़े बुजुर्गों के मान सम्मान का विशेष ध्यान रखें।

वृषभ राशि: वृष राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आत्मविश्वास और मनोबल के सहारे आप नई उपलब्धि प्राप्त करेंगे। आज घर में रिश्तेदारों के आगमन से खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज व्यवसाय संबंधी किसी नए काम को शुरू करने का उचित समय है।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी परंतु आप उचित व्यवस्था बनाकर हल भी निकाल लेंगे। आज संतान की ओर से शुभ समाचार मिलने से घर में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवारजनों के साथ मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा। आज मानसिक सुकून बनाए रखने के लिए योगा मेडिटेशन आदि का सहारा लें। मां दुर्गा को हलवा का भोग लगायें, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। अनुभवी लोगों से मेल मिलाप तथा नई जानकारियां हासिल होंगी। आज क्रोध के कारण परिस्थितियां और अधिक बिगड़ सकती हैं। आज परेशानी आने पर शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। वर्तमान परिस्थितियों में समय के अनुसार खुद में भी बदलाव लाने की जरूरत है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज कई तरह की गतिविधियों में आपका रुझान रहेगा। आज किसी भी कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं पर अवश्य विचार कर लें। आज किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार से किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कार्यप्रणाली बेहतर होगी और किसी काम में उचित सफलता मिलने से उत्साह और अधिक बढ़ेगा। युवाओं और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने की उत्तम संभावनाएं हैं। समय के अनुसार ही निर्णय लें।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज नए कार्यों को करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आज कुछ समय आत्म मनन और चिंतन में लगाएं। ज्यादा मेहनत की वजह से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, उचित भोजन का ध्यान रखें। आज व्यायाम करें इससे आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा बढ़ेगी। बच्चे आज किसी खिलौने की मांग कर सकते हैं।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज सकारात्मक गतिविधियों में खुद को व्यस्त रखेंगे। आज अपने गुस्से को कंट्रोल में रखें तथा फिजूलखर्च पर भी नियंत्रण रखें। आज अपनी पूरी ऊर्जा योजनाओं को क्रियान्वित करने में लगाएं लेकिन अपनी योजनाएं सार्वजनिक ना करें। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज कुछ नई उपलब्धियां आपका इंतजार कर रही हैं। इस बेहतरीन समय का उचित सदुपयोग करें। आज उच्च पद पर आसीन व्यक्तियों के साथ आपका समय बीतेगा, इससे आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आज घर की व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए सबको अनुशासित रखना अति आवश्यक है। आज अपने व्यवसाय की गतिविधियों में भी बदलाव करेंगे।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपकी कई योजनाएं समय से पूरी हो जायेंगी। आज बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद व कृपा प्राप्त होगी और उनके मार्गदर्शन में आप खास निर्णय लेने में आसानी महसूस करेंगे। आज नकारात्मक प्रवृत्ति के मित्रों की किसी भी सलाह पर विश्वास ना करके अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। आज व्यर्थ के खर्चो पर काबू रखना आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

कुंभ राशि: कुंभ राशि वालों आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते हैं। आज का दिन परिवार के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं खालीपन का एहसास रहेगा।

मीन राशि:मीन राशि वालों आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो जायेंगे। आज आप बच्चों से मित्रवत व्यवहार रखें तथा उनकी समस्याओं को सुनें और सुलझाएं, इससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

# अमेरिका के युद्ध विराम घोषणा से निकली शांति की किरण

**- मनोज कुमार अग्रवाल**

अमेरिका का पांच दिन के लिए एक तरफा युद्ध विराम का एलान बेहद खराब दौर में पहुंच चुके हालात में शांति का संदेश वाहक बन रहा है। मध्य पूर्व में तनाव के बीच ताज़ा घटनाक्रम इस ओर इशारा कर कर रहे हैं कि अब मिसाइल अटैक थमने को तैयार हैं। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हालिया तनाव में आया यह अल्पविराम महज एक रणनीतिक ठहराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन के लिए एक निर्णायक अवसर है। पिछले 24 दिनों से इजरायल अमेरिका और ईरान के बीच जारी भयंकर युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा पांच दिन के लिए युद्ध विराम की घोषणा करना निःसंदेह वैश्विक स्तर पर एक राहत देने वाली खबर हैं। युद्ध जैसे विनाशकारी परिदृश्य में जब भी संवाद और विराम की संभावना बनती है, वह केवल संबंधित देशों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए आशा की किरण लेकर आती है। ऐसे समय में जब हर दिन नई तबाही और अनिश्चितता का संदेश ला रहा था, अमेरिका की ओर से सैन्य कार्रवाई को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा सकता है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच संभावित बातचीत और सीमित समय के। के लिए सैन्य सैन्य कार्रवाई रोकने के संकेत ने वैश्विक स्तर पर उम्मीद की एक नई किरण जगाई है। इसका कारण है कि यह केवल दो देशों के बीच टकराव का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरी दुनिया अर्थव्यवस्था, राजनीति और मानवता पर पड़ रहा है।

आजकल युद्ध अब केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनके दुष्प्रभाव पूरी दुनिया को हिला देते हैं। तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने वैश्विक अर्थव्यवस्था की नब्ज पर सीधा प्रहार किया है। विकासशील देशों के लिए यह संकट और गहरा है, जहां महंगाई पहले ही आम आदमी की कमर तोड़ रही है। ऐसे में यह युद्ध केवल तीन देशों का मसला नहीं, बल्कि पूरी मानवता के आर्थिक और सामाजिक संतुलन का प्रश्न बन चुका है। सामरिक दृष्टि से देखा जाए तो अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को गहरी चोट पहुंचाई है। उसके पूरे नेतृत्व को खत्म कर दिया।

आपको पता रहे कि ईरान के कई रणनीतिक ठिकानों और आधारभूत ढांचे को ध्वस्त कर ईरान को करीब 20 से 25 साल पीछे धकेल दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले को अस्थायी रूप से टालने का निर्णय, भले ही पांच दिनों के लिए हो, एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक संकेत है। यह दिखाता है कि युद्ध के बीच भी बातचीत की संभावना सरावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। हालांकि, इस निर्णय को लेकर कई सवाल भी उठते हैं, खासकर तब जब ईरान ने किसी भी प्रकार की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बातचीत से इनकार किया है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि स्थिति अभी भी अनिश्चितताओं से भिरी हुई है। इस संघर्ष की पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। माना जा रहा है कि अमेरिका ने काफी मजबूरी में युद्ध विराम का फैसला लिया है। अमेरिका शुरुआती रणनीति में यह मानकर चला था कि सीमित सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान के भीतर बाद ईरान के भीतर जन असंतोष उभरेगा और सत्ता परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। लेकिन यह आकलन गलत साबित हुआ। न तो जनता सड़कों पर उतरी और न ही सत्ता संरचना में कोई तत्काल बदलाव आया। इससे यह स्पष्ट हो गया कि बाहरी हस्तक्षेप के आधार पर किसी देश की आंतरिक राजनीति को बदलना इतना आसान नहीं है। युद्ध को आगे बढ़ाने का विकल्प अमेरिका के सामने था, लेकिन इसके साथ कई गंभीर जोखिम जुड़े थे। अफगानिस्तान और इराक के अनुभव पहले से ही अमेरिका के सामने हैं, जहां लंबे सैन्य अभियानों ने न केवल आर्थिक बल्कि राजनीतिक रूप से भी भारी कीमत वसूल की। इस पूरे घटनाक्रम में खाड़ी देशों की भूमिका भी अहम रही है। ओमान, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों ने स्पष्ट संकेत दिए कि वे इस संघर्ष के विस्तार के पक्ष में नहीं हैं। उनके लिए यह युद्ध आर्थिक और सामरिक रूप से नुकसानदेह साबित हो सकता है। यदि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला होता, तो जवाबी कार्रवाई में खाड़ी क्षेत्र के तेल और गैस संसाधन भी निशाने पर आ सकते थे। इससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ता। होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा भी इस संघर्ष के केंद्र में है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। यदि यहां तनाव बढ़ता है या मार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध होता है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। यही कारण है कि सैन्य विशेषज्ञों ने भी इस क्षेत्र में युद्धपोत भेजने के जोखिमों को लेकर चेतावनी दी है। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो इस संघर्ष ने पहले ही वैश्विक बाजारों को झकझोर दिया है। तेल की कीमतों में तेजी, गैस की कीमतों में उछाल और शेयर बाजारों में अस्थिरता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बुद्ध केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रहता। भारत जैसे देशों के लिए, जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं, इसका सीधा असर महंगाई और आर्थिक विकास पर पड़ता है। हालांकि, जैसे ही युद्धविराम की संभावना सामने आई, बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेल की कीमतों में गिरावट और शेयर बाजारों में तेजी यह दर्शाती है कि निवेशक और वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिरता की उम्मीद कर रहे हैं। यह एक संकेत है कि शांति केवल मानवीय दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अनिवार्य है। फिर भी, यह समझना जरूरी है कि यह पांच दिनों का युद्धविराम एक स्थायी समाधान नहीं है। ट्रंप द्वारा ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमले टालने का निर्णय इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह फैसला दर्शाता है कि कूटनीति की खिड़की अभी बंद नहीं हुई है। पांच दिनों का यह ठहराव केवल सैन्य रणनीति नहीं, बल्कि संवाद के लिए एक संभावित दरवाजा है। यहां बता दे कि ईरान द्वारा किसी भी बातचीत से इनकार और अपनी शर्तों पर अड़े रहना यह बताता है कि रास्ता अभी आसान नहीं है। ईरान की ओर से रखी गई शर्तें,अमेरिकी सैन्य ठिकानों का बंद होना, होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए नए नियम और मीडिया से जुड़े व्यक्तियों पर कार्रवाई स्पष्ट रूप से उसकी रणनीतिक सोच को दर्शाती हैं। यह केवल युद्धविराम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश है। दूसरी ओर, अमेरिका और उसके सहयोगी इन शर्तों को स्वीकार करने की स्थिति में शायद ही हों।

# लोकसभा ने वित्त विधेयक 2026 को मंजूरी दी

नई दिल्ली (ए.)। लोकसभा ने वित्त विधेयक, 2026 को मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार से पहले मजबूरी के चलते आर्थिक सुधार किए जाते थे, लेकिन अब संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ यह किया जा रहा है तथा देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार होकर निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने वित्त विधेयक, 2026 पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह भी कि देश को विकसित बनाने और 140 करोड़ भारतीय नागरिकों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि पहले की तरह मजबूरी में सुधार नहीं किए जा रहे हैं, बल्कि संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ सुधार किए जा रहे हैं। सरकार ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) संशोधन के लिए लोकसभा में जो विधेयक पेश किया उसमें विदेशी वित्त पोषित संगठनों पर निगरानी के साथ यह प्रस्ताव किया गया है कि लाइसेंस गंवाने वाली गैर-लाभकारी संस्थाओं की संपत्तियों को जब्त करने और इनका प्रबंधन करने के लिए एक नया प्राधिकरण बनाया जाएगा। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में 'विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026' विधेयक पेश किया। विपक्षी दलों के सांसदों ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 को आर्थिक असमानता लाने वाला बताते हुए कहा कि सरकार को और कड़ा तथा मजबूत कानून लाना चाहिए। विधेयक पर लोकसभा में चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक छोटे व्यापारियों, किसानों और बड़ी कंपनियों के बीच भेद पैदा करेगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता में संशोधन के लिए लाये गए विधेयक से



''रिफॉर्म एक्सप्रेस'' को और गति मिलेगी और भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। ठाकुर ने दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, 2025 पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने कंपनियों को खत्म करने के बजाय उन्हें बचाने और आगे बढ़ाने का काम किया है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय यह पार्टी 'सन (पुत्र) स्ट्रोक' से जूझ रही थी और इस कारण से उसने 'सन' (सूर्य) की ऊर्जा का उचित दोहन नहीं किया। जोशी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह बात कही। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि रेलवे टिकट बुक कराने में बिचौलियों और दलालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए आईआरसीटीसी के पोर्टल से तीन करोड़ से अधिक फर्जी खातों को हटा दिया गया है। उन्होंने लोकसभा में प्रश्नकाल में यह भी कहा कि आज देश में संचालित रेलगाड़ियों में 70 प्रतिशत डिब्बे सामान्य और शयनयान श्रेणी के हैं तथा 78 प्रतिशत सीट गैर-वातानुकूलित डिब्बों में हैं।

राज्यसभा की कार्यवाही

केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि देश में पिछले 11 वर्षों में दूध उत्पादन लगभग 70 प्रतिशत बढ़कर 2024-25 में 24.8 करोड़ टन हो गया है और भारत अगले तीन वर्षों में फुट एंड माउथ डिजीज (एफएमडी) से मुक्त हो जाएगा। प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में एफएमडी और ब्रुसेलोसिस के प्रकोप में कमी आई है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडी) के तहत प्रति सांसद को हर वर्ष मिलने वाली पांच करोड़ रुपये की राशि काफी कम है और इसे बढ़ाकर कम से कम 20 करोड़ रुपये किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने योजना के तहत होने वाले कार्यों पर लगने वाले जीएसटी को समाप्त करने की भी मांग की। देश की डिजिटल संप्रभुता को मजबूत करने के लिए राज्यसभा में कांग्रेस के नीरज डांगी ने बुधवार को एक स्वदेशी सर्च इंजन विकसित करने की जरूरत रेखांकित की ताकि देश गूगल और माइक्रोसॉफ्ट जैसे विदेशी कंपनियों पर निर्भरता से मुक्त हो सकें। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि 2025-26 के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, चीन, रूस, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, चेक रिपब्लिक और यहां तक कि वियतनाम के पास भी अपना स्वदेशी सर्च इंजन है।

## बिलासपुर में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने बढ़ाई प्रशासन की चिंता, रोकथाम की कार्रवाई शुरू

### -संक्रमण के कारण 4,400 मुर्गियों की मौत, 10 किमी तक की जा रही निगरानी

बिलासपुर,(ए)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। कोनी इलाके में स्थित एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में पिछले कुछ दिनों 4,400 से ज्यादा मुर्गियों की मौत हो गई। रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने युद्धस्तर पर रोकथाम की कार्रवाई शुरू की। पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि 19 से 24 मार्च के बीच कोनी इलाके में स्थित सरकारी पोल्ट्री फ़ार्म में वायरल संक्रमण के कारण करीब 4,400 मुर्गियों की मौत हो गई। इस फ़ार्म में कुल 5,037 मुर्गियां थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने बताया कि मृत पक्षियों के सैंपल सोमवार को भोपाल और पुणे की लैब में भेजे गए थे। भोपाल की लैब ने मृत मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक पुष्टि होने के बाद जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एवियन इन्फ्लूएंज़ा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए रोकथाम और बचाव के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं।बयान में कहा गया है कि फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को संक्रमित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित क्षेत्र के अंदर पोल्ट्री पक्षियों, उनके चारे और अंडों को नष्ट कर दिया जाएगा और उनके आवागमन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा पोल्ट्री पक्षियों के मालिकों को मुआवज़ा दिया जाएगा। मुर्गियों को मारने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फार्म को सील कर दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्र में संक्रमित पक्षियों को मारने, उनका सुरक्षित निपटान करने, निगरानी रखने और सैनिटाइज़ेशन के उपाय करने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीमें गठित की गई हैं।इन क्षेत्रों में चेतावनी वाले साइनबोर्ड लगाए जाएंगे और पोल्ट्री के आवागमन और बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पोल्ट्री फ़ार्म के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की निगरानी भी की जा रही है। इसमें कहा गया है कि जिस भी व्यक्ति में लक्षण दिखाई देंगे, उसकी जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर उसे एंटीवायरल दवा दी जाएगी। अधिकारियों ने पूरे जिले में पोल्ट्री बिक्री केंद्रों की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सतर्क रहते हुए अधिकारियों के साथ सहयोग करें। अधिकारियों ने बताया कि अब तक इंसानों में संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है।

## देश में एकता एवं निस्वार्थ सेवा हेतु संघ कार्य : अतुल लिमये

चंडीगढ़ (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंडीगढ़ की और से एक प्रमुख नागरिक गोष्ठी का आयोजन ,टैगोर थिएटर सेक्टर 18, चंडीगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के नाते अतुल लिमये, सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रहना हुआ। अतुल जी ने संघ की अब तक की क्या यात्रा रही एवं संघ के आगामी लक्ष्य क्या हैं, इसकी जानकारी दी। अतुल जी ने बताया कि संघ का प्रमुख लक्ष्य देश में एकता के भाव का और संपूर्ण समाज की निस्वार्थ सेवा करने के भाव निर्माण करने है। संघ व्यक्ति निर्माण के कार्य में गत 100 वर्षों से सतत कार्य कर रहा है, किन्तु अभी भी हम प्रत्येक बस्ती एवं मंडल तक नहीं पहुंचे हैं, उसके लिए और अधिक शक्ति से प्रयास करने की आवश्यकता है। इसके बाद कार्यक्रम में आए प्रमुख नागरिकों ने कुछ प्रश्न भी किए जैसे धर्मांतरण के विषय, नशे को लेकर, ब्रेन ड्रेन, संघ में महिलाओं की भूमिका आदि, जिनका अतुल जी ने विस्तार पूर्वक उत्तर दिया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ विभाग से लगभग 1000 प्रमुख नागरिकों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते सरदार हरनेश सिंह गिल, सेवानिवृत्त न्यायाधीश पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ रहे। सरदार हरनेश जी ने संघ के निस्वार्थ कार्य की सराहना की और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सरदार हरनेश जी ने पंजाब में बढ़ते नशे के लिए गहरी चिंता जताई एवं संघ से भी इस विषय पर और अधिक कार्य करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में मंच पर सरदार इकबाल सिंह माननीय प्रान्त संघचालक पंजाब प्रान्त भी उपस्थित रहे एवं चंडीगढ़ के माननीय विभाग संघचालक त्रिलोकी नाथ गोयल जी भी रहे।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत, इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मिली अग्रिम जमानत



प्रयागराज (ए.)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यौन शोषण के मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को बुधवार को अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद की जमानत याचिका पर यह फैसला सुनाया। हालांकि अदालत ने शिकायतकर्ता और याचिकाकार्ताओं दोनों को इस संबंध में मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देने का निर्देश दिया। इससे पूर्व, अदालत ने 27 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी और कहा था कि नाबालिगों के कथित यौन उत्पीड़न मामले और प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अग्रिम जमानत देते हुए अदालत ने याचिकाकार्ताओं पर कई शर्तें लगाईं जैसे कि वे साक्ष्य से छेड़छाड़ नहीं करेंगे औरसुनवाई की तिथि पर संबंधित अदालत के समक्ष पेश होंगे। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता इस मामले के तथ्यों से परिचित किसी भी व्यक्ति को तथ्य छिपाने के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई लालच, धमकी नहीं देंगे और संबंधित अदालत की पूर्व अनुमति के बगैर विदेश नहीं जाएंगे। अदालत ने कहा, याचिकाकर्ताओं, पीड़ितों और शिकायतकर्ता को जांच या मुकदमा लंबित रहने के दौरान मौजूदा मामले के संबंध में किसी मीडिया संस्थान को कोई बयान नहीं देने का भी निर्देश दिया जाता है। इन शर्तों में से किसी का भी उल्लंघन करने पर अभियोजक अग्रिम जमानत रद्द करने के लिए उचित आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होगा। अग्रिम जमानत देते हुए अदालत ने कहा, पीड़ितों ने कथित तौर पर इस घटना की जानकारी शिकायतकर्ता को 18 जनवरी, 2026 को दी, जबकि शिकायतकर्ता ने पुलिस को इसकी जानकारी 24 जनवरी, 2026 को दी। शिकायतकर्ता ने सूचना देने में छह दिन का विलंब का कारण पूजा और यज्ञ में व्यस्त होना बताया, जबकि 21 जनवरी को उसने कथित घटना के संबंध में आवेदन दाखिल किया था। अदालत ने कहा, पीड़ित शिकायतकर्ता के निरंतर संपर्क में रहे और उन्हें 25 फरवरी से पूर्व कोई उचित सुरक्षा नहीं दी गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए और विभिन्न हिंदी समाचार चैनलों ने पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम की स्थापित प्रक्रिया का उल्लंघन करकेपीड़ितों का साक्षात्कार किया। अदालत ने कहा, पीड़ितों ने इस घटना की जानकारी अपने अभिभावकों को न देकर शिकायतकर्ता को दी जोकि एक अपरिचित है। यह मानवीय आचरण एवं व्यवहार के सामान्य क्रम के अनुरूप भी नहीं है। इसके अलावा, अदालत ने यह भी कहा, डॉक्टर द्वारा तैयार मेडिकल रिपोर्ट में पीड़ितों को बाहरी चोट लगी होने की पुष्टि नहीं हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि यौन उत्पीड़न की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) से रिपोर्ट मांगी गई है जिसमें साफ दिखा है कि डॉक्टर ने यौन उत्पीड़न के संबंध में निष्कर्ष नहीं दिया है। याचिकाकार्ताओं की मेडिकल जांच नहीं कराई गई है जोकि यौन उत्पीड़न के मामलों में आवश्यक होती है।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन विषय पर संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

## नई दिल्ली के करोल बाग में भीषण हादसा, 25 यात्रियों से भरी बस पलटी; 2 लोगों की मौत

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के करोल बाग इलाके में बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब करीब 25 यात्रियों से भरी एक बस झंडेवालान मेट्रो स्टेशन के पास अचानक पलट गई। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा रात करीब 1:30 बजे हुआ। बस काफी तेज रफ्तार में थी। लोगों का कहना है कि स्पीड 80 से 100 के बीच रही होगी। बस ने संतुलन खोने के बाद एक-दो बार पलटी खाई और आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा इतना अचानक हुआ कि किसी को संभलने का मौका ही नहीं मिला। एक चश्मदीद ने बताया कि बस पलटने के बाद चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। अंदर कई लोग फंसे हुए थे, जिनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। एक छोटा बच्चा सीटों के बीच फंस गया था, जबकि एक महिला भी बुरी तरह फंसी हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद शुरू की और करीब 100-150 लोगों ने मिलकर बस को संभालते हुए घायलों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सभी यात्रियों को बाहर निकालने में करीब आधा से एक घंटा लग गया। कई लोग खून से लथपथ थे और दर्द से कराह रहे थे। कुछ लोगों ने बताया कि 8-10 लोग गंभीर रूप से घायल थे।

## पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया तो कटेगी एलपीजी आपूर्ति, सरकार का नया और सख्त आदेश

नई दिल्ली (ए.)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक नया निर्देश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि जिन स्थानों पर पहले से ही प्राकृतिक गैस (पीपीजी) की सुविधा उपलब्ध है, वहां उपभोक्ताओं द्वारा पाइपलाइन से आने वाली प्राकृतिक गैस (एलपीजी) का उपयोग शुरू न करने पर घरों में खाना पकाने वाली गैस की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। इस अधिसूचना का उद्देश्य पाइपलाइन आधारित ईंधन की ओर भारत के बदलाव को गति देना, ऊर्जा स्रोतों का विस्तार करना और एक ही आपूर्ति चैनल पर निर्भरता को कम करना है। यह आदेश ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण भारत में एलपीजी की उपलब्धता बाधित है, जिससे आपूर्ति मार्ग प्रभावित हुए हैं और प्रमुख द्रवीकरण संयंत्र क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस कारण सरकार आवासीय और व्यावसायिक दोनों उपयोगकर्ताओं को पीपीजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिसकी आपूर्ति पाइपलाइनों के माध्यम से निरंतर होती है और रिफिल बुक करने की आवश्यकता नहीं होती है। 24 मार्च को जारी प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026, पाइपलाइन नेटवर्क के विस्तार, अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाने और त्वरित कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक ढांचा तैयार करता है। इस निर्देश के अनुसार, यदि कोई परिवार मौजूदा पाइपलाइन की उपलब्धता के बावजूद प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पीपीपी) लेने से इनकार करता है, तो एलपीजी की आपूर्ति तीन महीने बाद बंद कर दी जाएगी। अपवाद केवल तभी लागू होंगे जब पीपीपी को तकनीकी रूप से असंभव माना जाए और इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) जारी किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस उपाय का उद्देश्य पाइपलाइन से जुड़े क्षेत्रों से एलपीजी सिलेंडरों को मुक्त करना और उन्हें बुनियादी ढांचे की कमी वाले क्षेत्रों में भेजना है।



*भारत में पैसिव यूथेनेशिया (इच्छामृत्यु) की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा के परिवार के सदस्य, नई दिल्ली के ग्रीन पार्क श्मशान घाट पर उनके अंतिम संस्कार के दौरान रस्में निभा रहे हैं।*

### 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए हैं, दिल्ली विधानसभा को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली

नई दिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि दिल्ली विधानसभा में 16 आरडीएक्स आईईडी लगाए हैं। धमकी के बाद दिल्ली पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया, ईमेल में दावा किया गया है कि दिल्ली विधानसभा में बम लगाए गए हैं और दोपहर 1:40 बजे धमाका करने की योजना है। मेल भेजने वाला खुद को कोयंबटूर का बताता है और कहता है कि वह और उसके साथी पहले एक राजनीतिक पार्टी (डीएमके) के समर्थक थे।

## छत्तीसगढ़ शिवसेना रामजन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकालेगी 28 को

### शिवसेना रामजन्म उत्सव का 44वां आयोजन करेगी

रायपुर, (आरएनएस)। छग शिवसेना प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामजन्म उत्सव के अवसर पर रामनवमीं शोभायात्रा का 44वां आयोजन 28 मार्च शनिवार को कोगी। उक्त शोभयात्रा का नेतृत्व छग शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वात्रा में प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े और संतोष शुक्ला ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में रेशम ने बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा का मार्ग परिवर्तित किया गया है। शोभायात्रा नवीन बाजार बिट्ठल मंदिर से तात्यापारा बढ़ईपारा, रामसागर पारा, गुरुनानक चौक, एम जी रोड, शारदा चौक होते हुए नवीन बाजार में समाप्त होगी। शोभायात्रा शाम छह बजे निकलेगी। शोभयात्रा में रायपुर के 7 वार्डों सहित प्रदेश बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा, रायगढ़, बिलाईगढ़, सारंगढ़ सहित पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

## संजय राउत का पीएम मोदी पर हमला, कहा डोनाल्ड ट्रम्प से नहीं, विपक्ष से करें बात

मुम्बई (ए.)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश नीति संबंधी दृष्टिकोण की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं के बजाय घरेलू राजनीतिक परामर्श पर अधिक ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच हाल ही में हुई फोन कॉल पर टिप्पणी करते हुए यूबीटी सांसद ने कहा कि मध्य पूर्व संकट जैसे वैश्विक मुद्दों पर डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने के बजाय मोदी को भारत में विपक्ष से बात करनी चाहिए, जिससे बेहतर परिणाम मिलेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप ऐसे व्यवहार कर रहे हैं मानो वे मोदी के बॉस हों। संजय राउत ने कहा कि ट्रम्प से बात करने के बजाय, मोदी को देश के विपक्ष से बात करनी चाहिए; उन्हें उनसे बेहतर सुझाव मिलेंगे। ट्रम्प तो मोदी के बॉस जैसे हैं। राउत ने मौजूदा वैश्विक संघर्षों में भारत की भूमिका पर सवाल उठाते हुए पाकिस्तान की कूटनीतिक स्थिति का जिक्र किया और कहा कि पाकिस्तान ने ट्रंप के साथ बातचीत में समझौता करने की इच्छा दिखाई है, जिसकी सराहना की



जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि दुनिया भर में चल रहे वैश्विक संघर्षों में भारत की क्या भूमिका है ? पाकिस्तान जैसे देश ने आज एक रुख अपनाया है - उसने ट्रंप को बताया है कि वह समझौते के लिए तैयार है, और ट्रंप ने इसका स्वागत और सराहना की है। इसका मतलब है कि ट्रंप मोदी को मूर्ख बना रहे हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को एक घंटे 45 मिनट तक चली सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों को आश्वासन दिया कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा स्थिर बनी हुई है और अतिरिक्त खेपें रास्ते में हैं। सरकार ने कहा कि पर्याप्त ऊर्जा सुरक्षा है और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। सरकार ने यह भी कहा कि उसने अग्रिम बुकिंग कर ली है, कई देशों के साथ बातचीत कर रही है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपने समझौतों में विविधता लाई है। बैठक के बाद केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज सरकार द्वारा पश्चिम एशिया की स्थिति पर सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। मैं बैठक में भाग लेने वाले सभी दलों के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं। सरकार ने विपक्षी नेताओं के सभी प्रश्नों और शंकाओं का उत्तर दिया। सभी विपक्षी दलों ने हमें आश्वासन दिया है कि वे स्थिति के अनुसार सरकार द्वारा उठाए जाने वाले सभी कदमों में सरकार के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी उपस्थित रहे और सभी ने अच्छी तरह से भाग लिया। सभी दल के नेताओं ने जानकारी साझा की और अपने-अपने दलों की ओर से अपनी चिंताएं व्यक्त कीं।

# ‘धुरंधर 2’ के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज, सिख समुदाय की भावनाएं आहत करने का लगा आरोप

फिल्म ‘धुरंधर 2’ बॉक्स ऑफिस सफलता के बीच मुश्किलों में भी घिर गई है। इस फिल्म के मेकर्स और अभिनेता रणवीर सिंह के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत दर्ज कराने वाले संगठन का आरोप है कि फिल्म के जरिए सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है।

**सिख समुदाय की धार्मिक भावनाएं हुईं आहत**

शिकायतकर्ता संगठन सिख्स इन महाराष्ट्र के मुताबिक फिल्म ‘धुरंधर 2’ के एक पोस्टर में रणवीर सिंह को पगड़ी, लंबी दाढ़ी और ’कड़ा’ (कलाई पर पहना जाने वाला कंगन) पहने हुए दिखाया गया है। ये तीनों ही सिख समुदाय के पवित्र प्रतीक माने जाते हैं। इसी पोस्टर में अभिनेता को हाथ में सिगरेट पकड़े हुए भी दिखाया गया है। इस संगठन ने 17 मार्च को मुलुंड पुलिस स्टेशन में इसी मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि इस तरह के चित्रण से सिख समुदाय की धार्मिक भावनाएं गहरी आहत हुई हैं।





**मेकर्स पर कार्रवाई की मांग की**

सिख संगठन ने फिल्म ‘धुरंधर 2’ के निर्देशक, निर्माता और रणवीर सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है और मामले की जांच जारी है।

**‘धुरंधर 2’ ने बॉक्स ऑफिस पर किया धमाकेदार कलेक्शन**

‘धुरंधर 2’ ने छठे दिन 56.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जबकि पांचवें दिन इसने 65 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म के कुल कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 576.32 करोड़ रुपये अपने खाते में बटोर लिए हैं। वहीं ‘धुरंधर 2’ ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी बाजी मार ली है। इसने 915.90 करोड़ रुपये का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है।

## मिस्टर इंडिया’ का सीक्वल बनाना चाहते हैं इमरान खान, इस एक्टर को लीड रोल में लेने की जताई इच्छा?

काफी लंबे वक्त से बतौर लीड एक्टर बड़े पर्दे से दूर अभिनेता इमरान खान ने अब मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने की इच्छा जताई है। जानिए फिल्म को लेकर उन्होंने क्या कुछ कहा अनिल कपूर स्टारर ‘मिस्टर इंडिया’ अपनी रिलीज के 29 साल बाद भी दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है। फिल्म को हर पीढ़ी के दर्शक काफी पसंद करते हैं। कई बार फिल्म का सीक्वल बनाने की भी चर्चाएं उठीं। अब अभिनेता इमरान खान ने ‘मिस्टर इंडिया’ का रीमेक बनाने की इच्छा जताई है।

## आसान और हेल्दी स्नैक रेसिपी शेयर की श्रुति हासन ने



मुंबई (ए.)। सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ दिलचस्प अपडेट साझा करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने एक आसान और हेल्दी स्नैक रेसिपी शेयर की है, जो काफी पसंद की जा रही है। इस रेसिपी को खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी माना जा रहा है, जो हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना चाहते हैं लेकिन कम समय में कुछ पौष्टिक खाना भी चाहते हैं। श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए बताया कि छुट्टी के दिन वह स्क्रिप्ट पढ़ने के साथ-साथ सोशल मीडिया भी देखती हैं। इसी दौरान उन्हें एक सिंपल स्नैक रेसिपी मिली, जिसे उन्होंने खुद ट्राई किया।

यह रेसिपी उन्हें इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे अपने फैंस के साथ शेयर करने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि यह स्नैक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसे बनाने में भी ज्यादा समय नहीं लगता। इस हेल्दी स्नैक का नाम "वेनिला ग्रीक योगर्ट स्नैक विद डेट्स" है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले खजूर को साफ कर लिया जाता है और जरूरत हो तो उसे थोड़ी देर गुनगुने पानी में भिगोकर नरम किया जा सकता है। इसके बाद खजूर को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। फिर एक बाउल में वेनिला ग्रीक योगर्ट लेकर उसमें कटे हुए खजूर मिला दिए जाते हैं। इसके ऊपर थोड़ा सा एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल डालने से इसका स्वाद और बेहतर हो जाता है।

अंत में ऊपर से हल्का सा नमक छिड़क कर इसे अच्छे से मिक्स किया जाता है। इसे तुरंत खाया जा सकता है या कुछ देर फ्रिज में रखकर ठंडा करके भी सर्व किया जा सकता है। यह स्नैक पोषण से भरपूर है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ भी बताए जा रहे हैं। खजूर शरीर को तुरंत ऊर्जा देने में मदद करता है, जबकि ग्रीक योगर्ट में मौजूद प्रोटीन लंबे समय तक पेट भरा रखने में सहायक होता है। साथ ही यह पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और गट हेल्थ को सुधारता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद माने जाते हैं।

## तीन रात नहीं सो पाए थे ‘पिंडा’, उदयबीर संधू ने बताया ‘धुरंधर 2’ के इंटेंस सीन के पीछे की कहानी



‘धुरंधर 2’ फिल्म में जसकीरत सिंह रंगी के दोस्त ‘पिंडा’ का किरदार निभाने वाले उदयबीर संधू ने अपने सीन को लेकर खुलकर बातचीत की है। उन्होंने हमजा के साथ बाथरूम में होने वाले फाइट सीन को लेकर अपने अनुभव के बारे में बताया।

काफी चैलेंजिंग था बाथरूम वाला सीन

फिल्म ‘धुरंधर द रिवेंज’ में पिंडा का किरदार निभाने वाले उदयबीर संधू ने हाल ही में शूटिंग के दौरान का एक दिलचस्प अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि फिल्म का एक खास बाथरूम सीन इतना इंटेंस था कि वह लगातार तीन रात तक सो ही नहीं पाए। एक इंटरव्यू में फरीदून शहरयार से बात करते हुए उदयबीर ने कहा कि यह बाथरूम सीन उनके किरदार के लिए बहुत अहम था। उन्होंने बताया, ‘हम पहले एयरपोर्ट और कार वाले सीन शूट कर चुके थे, लेकिन वो नॉर्मल थे। असली चैलेंज तो यही बाथरूम सीन था, जो पिंडा के किरदार को पूरी तरह दिखाता है।’

**आदित्य धर ने की थी सीन के बाद तारीफ**

उन्होंने आगे बताया कि सीन के बाद उन्होंने डायरेक्टर आदित्य धर से पूछा कि सब ठीक था या नहीं। इस पर आदित्य धर ने कहा, ‘तुम्हें पता ही नहीं है कि तुमने क्या कर दिया है।’ यह सुनकर उदयबीर को समझ आ गया कि उनका काम काफी असरदार रहा। उदयबीर ने ये भी बताया कि इस सीन की शूटिंग तीन दिन चली और इस दौरान वह बिल्कुल सो नहीं पाए। उन्होंने कहा, ‘पहली रात तो मैं नर्वस था क्योंकि अगले दिन बहुत बड़ा सीन शूट होना था। मेरे किरदार को थोड़ा ‘जोन आउट’ भी दिखाना था, जो एक तरह से मददगार रहा। लेकिन उसके बाद भी अगले दो दिन मैं सो ही नहीं पाया।’

## सुनील ग्रोवर ने पोस्ट किया मजेदार वीडियो, पैंट पर कर रहे थे प्रेस

मुंबई (ए.)। अभिनेता और कमीडियन सुनील ग्रोवर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे सड़क के किनारे एक छोटी दुकान पर पैंट पर प्रेस कर रहे हैं। वीडियो में वे बिल्कुल आम प्रेस वाले की तरह काम कर रहे हैं। पहले उन्होंने कपड़े पर थोड़ा पानी छिड़का, फिर पुरानी कोयले वाली प्रेस से सारी सिलवटें बिल्कुल साफ कर दीं। इसे देखकर लग रहा है कि जैसे वे रोजमर्रा की जिंदगी में इसे आराम से करते हों। वहीं, वीडियो के बैकग्राउंड में सुनील ने पुरानी फिल्म का गाना कौन है, तेरा मुसाफिर ऐड किया।



सुनील ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, हेलो दोस्तों! अच्छे कपड़े पहन लो। सुनील के पोस्ट शेयर करने के बाद इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए। अभिनेता करण वाही ने कमेंट सेक्शन पर लिखा, अरे बिल्कुल सुनील ग्रोवर लग रहे हो, तो गायिका हर्षदीप कौर ने लिखा, आप हमें खुश करने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ते हो। म्यूजिशियन शामली ने लिखा, कहां लगी है दुकान? अभी आ रही हूं, अच्छे कपड़े लेकर। अभिनेता सुरेश मेनन ने लिखा, आयरन मैन।सॉन्ग कौन है, तेरा मुसाफिर साल 1965 में रिलीज हुई फिल्म गाइड में फिल्माया गया था। गाने को सचिन देव बर्मन ने गाया और संगीतबद्ध किया था, जबकि शैलेंद्र ने इसके लिरिक्स लिखे थे। विजय आनंद द्वारा निर्देशित ब्लॉकबस्टर हिंदी क्लासिक फिल्म गाइड में देव आनंद (राजू) और वहीदा रहमान (रोजी) मुख्य भूमिका में थे। आर. के. नारायण के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित यह फिल्म एक टूरिस्ट गाइड के प्यार, धोखे और आध्यात्मिक परिवर्तन की कहानी है। बता दें कि अभिनेता और कमीडियन सुनील ग्रोवर हर बार अपने अभिनय से लोगों को हैरान कर देते हैं।

## मोना सिंह और मिहिर आहूजा की नई वेब सीरीज ’मां का सम’, जानें किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी स्ट्रीम

मोना सिंह और मिहिर आहूजा वेब सीरीज ’मां का सम’ में एक साथ नजर आने वाले हैं। मोना और मिहिर के अलावा इस सीरीज में अंगिरा धर और रणवीर बराड़ भी अहम किरदार में नजर आएंगे। जानें किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी सीरीज?

**किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होगी सीरीज**

’मां का सम’ एक नई वेब सीरीज है। जिसका निर्देशन निकोलस खारकोंगोर ने किया है। इस सीरीज में मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका में मिहिर आहूजा नजर आएंगे। यह सीरीज 3 अप्रैल 2026 को प्राइम वीडिय रिलीज हो रही है।

**क्या है ’मां का सम’ की कहानी?**

इस सीरीज की कहानी अगस्त्य नाम के एक होनहार टीनएज लड़के की है, जिसे मिहिर आहूजा ने निभाया है।

## अपने प्रोडक्शन हाउस में आलिया देंगी आउटसाइडर्स को मौका



मुंबई (ए.)। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि वह अपने प्रोडक्शन हाउस के जरिए आउटसाइडर्स को मौका देंगी। अभिनेत्री के इस बयान को इंडस्ट्री में नई सोच और बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, आलिया भट्ट अपनी नई प्रोडक्शन फिल्म ‘डोंट बी शाई’ के लॉन्च इवेंट में शामिल हुई थीं, जो अमेजन प्राइम विडियो के एक बड़े कार्यक्रम के दौरान पेश की गई। इस इवेंट में कई अन्य प्रोजेक्ट्स की भी घोषणा की गई, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान आलिया और फिल्ममेकर करण जौहर के बीच हुई बातचीत ने खींचा। इवेंट के दौरान करण जौहर ने मजाकिया अंदाज में आलिया की तारीफ करते हुए कहा कि वह अब एक समझदार और अनुभवी प्रोड्यूसर बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आलिया के जवाब उनके सवालों से काफी अलग और परिपक्व होते हैं। इस पर आलिया ने भी मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि एक्टर्स को लॉन्च करने का एक तरीका होता है।

बातचीत को आगे बढ़ाते हुए करण जौहर ने मजाक में कहा कि शायद उन्हें एक्टर्स को लॉन्च करने के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। उन्होंने आलिया को याद दिलाया कि उन्होंने उन्हें फिल्म ‘स्टूडेंट ऑफ द ईयर’ के जरिए लॉन्च किया था। इस पर आलिया ने हल्के अंदाज में कहा कि उन्हें हमेशा सिखाया गया है कि हर चीज की एक सही टाइमिंग होती है। इसी दौरान करण जौहर ने अहम सवाल पूछा कि क्या आलिया जिन नए कलाकारों को लॉन्च करने जा रही हैं, वे आउटसाइडर्स होंगे।

# धुरंधर 2 में हरेक एक्टर ने अपना दिल और जान लगा दिया : शिल्पा शेटटी



मुंबई (ए.)। हाल ही में रीलिज हुई बॉलीवुड फिल्म धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचा रही है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी इस फिल्म की फिल्म जगत के सितारे भी फिल्म की जमकर तारीफ कर रहे हैं। धुरंधर 2 देखने के बाद शिल्पा शेटटी ने सोशल मीडिया पर खास पोस्ट कर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने फिल्म की तारीफ की और सभी को इसे देखने की सलाह दी है। शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि फिल्म में हर एक्टर ने अपना दिल और जान लगा दी है और हर फ्रेम में यह साफ दिखता है।

शिल्पा ने रणवीर सिंह को पावरहाउस और बब्बर शेर बताया। उन्होंने कहा कि रणवीर ने हमजा के किरदार में अपनी पूरी आत्मा डाल दी है। संगीतकार एआर रहमान की तारीफ करते हुए शिल्पा ने उन्हें क्लास एक्ट कहा और उनकी समझदारी को सीखने लायक बताया। शिल्पा ने अर्जुन रामपाल को खतरनाक और मैग्नेटिक करार देते हुए कहा कि यह उनके अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शनों में से एक है। संजय दत्त को हर फ्रेम में रॉकस्टार जैसा बताया और कहा कि वे पूरी तरह छाए हुए हैं। शिल्पा ने राकेश बेदी की तारीफ में लिखा कि उनकी मौजूदगी असली कला का सबूत है और उनकी यात्रा क्रिएटिव जस्टिस जैसी लगती है। उन्होंने पूरी कास्ट की प्रशंसा की और कहा कि हर किरदार इतनी खूबसूरती से उकेरा गया है कि हर कोई इसे अपना बना लेता है। शिल्पा ने निर्देशक आदित्य धर को इस समय का हीरो कहा।

उन्होंने उनकी कहानी कहने की ईमानदारी, स्केल और शैली की तारीफ की, साथ ही फिल्म को धुरंधर और कल्ट बनने लायक बताया। शिल्पा ने कहा कि यह फिल्म पूरी तरह पैसा वसूल है। उन्होंने दर्शकों से इसे जरूर देखने की अपील की। पोस्ट के अंत में उन्होंने लिखा, वे कहते हैं कोई हिम्मत नहीं, कोई गौरव नहीं... इसका आनंद लेने का समय है। फिल्म में देशभक्ति का तड़का है जो भावुक भी करता है और मनोरंजन भी देता है। शिल्पा ने लिखा कि मल्टीप्लेक्स के दौर में यह फिल्म सिंगल-स्क्रीन वाली एनर्जी लाती है, सीटियां, तालियां, और रोंगटे खड़े करने वाली फीलिंग आ जाती है।

# मेरा गाना सुन रोने पर मजबूर हो गए थे लोग : ध्वनि भानुशाली



मुंबई (ए.)। 22 मार्च 1998 को मुंबई में ही जन्मीं ध्वनि भानुशाली को नहीं पता था कि उन्हें लोगों का इतना प्यार मिलेगा। उन्होंने एक्टिंग का भी दो साल का प्रशिक्षण लिया, लेकिन अपने पहले प्यार गायिकी को ही अपना साथी चुना। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2018 में फिल्म वेलकम टू न्यूयॉर्क के गाने इश्तेहार से की थी। इसके बाद उन्होंने कई हिट गाने गाए, जिन्होंने उन्हें पहचान बनाई। उनके गानों को यूट्यूब पर करोड़ों व्यूज मिलते हैं। आज के समय में वो यंगस्टर्स की सबसे फेवरेट सिंगर बन चुकी हैं।

ध्वनि भानुशाली का वास्ते गाना याद होगा, जिसे आज से छह साल पहले रिलीज किया गया था। यह गाना सिंगर के दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इस गाने ने ही उनके करियर को नया मोड़ दिया। यह गाना इतना ज्यादा वायरल हुआ कि आज इसके व्यूज 1.7 बिलियन पहुंच चुके हैं। इस गाने को सुनकर यंग जनरेशन रोने लगी थी। अभिनेत्री ने खुद एक इंटरव्यू में बताया था कि गाने को रिलीज के साथ ही बहुत प्यार मिला था और जब गाना बजता था तो लोग रोने लगते थे। मुझे खुशी होती थी कि लोग मेरे द्वारा गाए गानों से कनेक्शन फील कर पा रहे हैं। इसी गाने में ध्वनि ने एक्टर सिद्धार्थ गुप्ता के साथ काम किया था और वो रातो-रात मोस्ट हैंडसम मैन बनकर उभरे थे।

ध्वनि भानुशाली ने बहुत छोटी उम्र से ही सिंगिंग शुरू कर दी थी और 20 साल की उम्र में सुपरहिट गाना लेजा-लेजा गाया था। इस गाने को शूट करते वक्त अभिनेत्री को अहसास नहीं था कि गाना इतना बड़ा हिट बनेगा। सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए सिंगर के लिए एक्टिंग के ऑफर्स भी आ रहे हैं, लेकिन वे सिंगिंग को अपना पहला प्यार मानती हैं और एक साथ दो नावों पर सवार नहीं होना चाहतीं। बता दें कि 70 से लेकर 80 के दशक के पुराने गाने आज भी लोगों के दिनों में जगह बनाए हुए हैं, क्योंकि गानों के बोल से लेकर संगीत तक सब कुछ भावनाओं से जुड़ा होता था और कुछ भी बनावटी नहीं लगता। आज के दौर में ऐसे सिंगर्स का मिल पाना बहुत मुश्किल है।

# वैभव के पास अच्छा बल्लेबाजी कौशल : जितेश




मुम्बई (ए.)। विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा ने उभरते हुए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। जितेश के अनुसार वैभव एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो हमेशा आक्रामक बल्लेबाजी पसंद करते हैं। उनके पास अच्छा कौशल है और वह आने वाले समय में विश्व क्रिकेट में छा सकते हैं। वैभव ने केवल 15 साल की उम्र में ही काफी कुछ हासिल कर लिया है। पहले आईपीएल में ही उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसके बाद भी इस बार आईपीएल में उनकी राह आसान नहीं रहेगी। इस बार उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद अब सभी टीमों के गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी का आंकलन कर उनाक कमजोर पक्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं और उन सभी का लक्ष्य उस क्षेत्र में गेंदबाजी करना रहेगा जिसमें वह कमजोर हैं। इस बार टीम में संजू सैमसन के नहीं होने से भी वैभव को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। ये भी हो सकता है कि उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है। वहीं दक्षिण अफ्रीक के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने वैभव को अंडर-19 में बल्लेबाजी करते हुए देखा है। डिविलियर्स ने कहा, जब आपको आईपीएल और बड़ी क्रिकेट लीग का अनुभव मिलता है और आप फिर भी उसी स्तर का प्रदर्शन करते हैं, तो यह आसान नहीं होता। उन्होंने जिस तरह से अंडर-19 विश्व कप में खेला, उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ। मैं उनके खेलने के तरीके की बात कर रहा हूं। उन्होंने अपने गेम प्लान पर कायम रहते हुए खेला। जैसे उन्होने आईपीएल में खेला, वैसे ही वहां भी खेला।

### राजस्थान रॉयल्स की पूरी हिस्सेदारी अमेरिकी उद्यमी कल सोमानी के नेतृत्व वाले समूह ने खरीदी

नईदिल्ली,(ए.)। अमेरिका के उद्यमी कल सोमानी के नेतृत्व वाले एक समूह ने 1.63 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 15,289 करोड़ रुपये) में राजस्थान रॉयल्स की शत-प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। यह सौदा आईपीएल फ्रेंचाइजी के इतिहास में सबसे महंगे सौदों में से एक माना जा रहा है। इस समूह में सोमानी के साथ रॉब वाल्टन (वॉलमार्ट) और हैम्प (फोर्ड) परिवार भी शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, यह स्वामित्व 2026 के आईपीएल संस्करण के बाद प्रभावी होगा।

कल सोमानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पोर्ट्स टेक के क्षेत्र में सक्रिय हैं और उन्होंने इंट्राएज और ट्रयूओ जैसी कंपनियों की स्थापना की है। क्रिकेट के अलावा उनकी गोल्फ में भी काफी दिलचस्पी है। वे मोटर सिटी गोल्फ क्लब के संस्थापकों में से एक हैं। टाइगर वुड्स इस क्लब के प्रमुख चेहरे रहे हैं।

## कोको गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

फ्लोरिडा (ए)। अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। गाफ ने क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड की मेलिंडा बेनसिस को हराया। गॉफ ने इस मुकाबले के बीच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच में गाफ ने पहला सेट 6-3 से जीता पर दूसरे सेट में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीसरे सेट में गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से अपने नाम किया । जीत के बाद गाफ ने कहा, यह एक कठिन मैच था। बेलिंडा काफी अच्छी खिलाड़ी हैं। इस मैच में जीत के लिए मुझे काफी संघर्ष करना पड़ा।अब सेमीफाइनल में गाफ का सामन चेक गणराज्य की केरोलिन मुचोवा से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।



## आईपीएल 2026: सनराइजर्स हैदराबाद ने जैक एडवर्ड्स की जगह पर 35 वर्षीय तेज गेंदबाज को शामिल किया

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने डेविड पायने को अपने साथ जोड़ा है। दरअसल, जैक एडवर्ड्स टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह पर पायने को शामिल किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। बता दें कि पायने ने अब तक आईपीएल में डेब्यू नहीं किया है। वह आगामी सीजन के दौरान खेलते हुए नजर आ सकते हैं। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

35 साल के पायने को टी-20 क्रिकेट खेलने का अच्छा खासा अनुभव है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने अब तक 233 मैच खेले हैं, जिसमें 21.16 की औसत और 8.03 की इकॉनमी रेट के साथ 304 विकेट लिए हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 24 रन देते हुए 5 विकेट लेना रहा है। उन्होंने इंग्लैंड की ओर से एक वनडे मैच (बनाम नीदरलैंड, 2022) भी खेला है।

बल्लेबाज: ट्रेविस हेड, स्मरण रविचंद्रन और अनिकेत वर्मा। ऑलराउंडर: अभिषेक शर्मा, कामिन्दु मेंडिस, नितीश रेड्डी, शिवांग कुमार, लियाम लिविंगस्टोन, और हर्ष दुबे। विकेटकीपर: ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और सलिल अरोड़ा। गेंदबाज: ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, ईशान मलिंगा, जयदेव उनादकट, हर्शल पटेल, जिशान अंसारी, शाकिब हुसैन, ओंकार तुकाराम तरमले, अमित कुमार, प्रफूल हिंगे, क्रेन्स फुलेत्रा, शिवम मावी और पायने।

सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरुआत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच से करेगी। शुरुआती कुछ मैचों में पैट कमिंस नहीं खेलेंगे और उनकी गैरमौजूदगी में ईशान किशन कप्तानी करेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद अपने दूसरे मैच में 2 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी। इसके बाद डी सनराइजर्स हैदराबाद को 5 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से और 11 अप्रैल को पंजाब किंग्स से मैच खेलने हैं।

## मिचेलसन को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचें सिनर

मियामी (ए.)। इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। इस जीत के साथ ही सिनर मियामी ओपन के अपने पहले पांच मुकाबलों में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि केवल यानिक नोह और स्टीफन एडबर्ग को हासिल हुई थी। सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से पीछे होने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के बाद सिनर ने कहा कि अच्छी सर्विस के कारण ही वह जीत हासिल कर पाये हैं। साथ ही कहा कि खिताबी जीत के लिए अभी उन्हें काफी प्रयास करना होगा। इसके लिए उन्हें खेल का स्तर ऊंचा उठाना होगा। इसके लिए वह ब्रेक के दौरान अभ्यास करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टन ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टीयन कोर्डा को 2-6, 7-6(6), 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाया। अब उनका सामना जिरी लेलेका से होगा। से होगा। लेलेका ने टेलर फिट्ज को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।



# आईपीएल में प्रशांत वीर सहित इन उभरते हुए खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें




नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार प्रशांत किशोर सहित पांच उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। ऐसे में ये सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने के इरादे से उतरेंगे। आईपीएल एक ऐसा मंच है जिसपर उभरती प्रतिभाओं को अवसर मिलता रहा है और ये ही इस बार भी हो रहा है।

प्रशांत वीर : चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने प्रशांत को 14.2 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। प्रशांत निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह बाएं के एक अच्छे स्पिनर हैं। जिसकी घूमती हुइ गेंदों का सामना करना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। प्रशांत को ऑलराउडर रविन्द्र जडेजा की कमी करने शामिल किया गया है। ऐमें सभी की नजरें उनपर रहेंगी। यूपी टी20 लीग 2025 में प्रशांत ने 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 320 रन बनाए थे, जबकि 6.69 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 8 विकेट भी निकाले थे।

कार्तिक शर्मा: कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में 14.2 करोड़ की मोटी रकम लगाकर खरीदा है। कार्तिक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण सभी की नजरों में आये। लंबे-लंबे छक्के लगाना कार्तिक की खूबी है।

आकिब नबी डार: तेज गेंदबाज आकिब नबी की शानदार गेंदबाजी से जम्मूकश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रही। आकिब इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आयें। अब देखना है कि वह इमसें कितना प्रभावित करते हैं।

मुकुल चौधरी: विकेटकीपर-बल्लेबाज मुकुल चौधरी लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से उतरेंगे। मुकुल राजस्थान की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस घरेलू सीजन में उन्होंने 5 पारियों में 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 173 रन बनाए थे। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण मैच विजेता माने जाते हैं।

## आईपीएल 2026 में नहीं खेलेंगे यश दयाल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने की पुष्टि

नईदिल्ली,(ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज यश दयाल हिस्सा नहीं लेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबाट ने क्रिकबज से इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि दयाल अभी भी टीम के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा हैं और फिलहाल उनकी जगह पर किसी और खिलाड़ी को टीम में नहीं जोड़ा जाएगा। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।

बोबाट ने बेंगलुरु में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यश टीम में शामिल नहीं होंगे। जैसा कि आप जानते हैं, वह एक निजी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। और यह साफ करने के लिए कि हम अब तक यश का पूरा साथ देते आए हैं। यह इस बात से जाहिर होता है कि जब हमारे पास खिलाड़ियों को रिटेन करने या रिलीज करने का मौका था, तब हमने उन्हें रिटेन किया था।

दयाल ने आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलते हुए 15 मैचों में 36.15 की औसत के साथ 13 विकेट लिए थे। दयाल ने अपने आईपीएल करियर में 43 मैच खेले हैं, जिसमें 33.90 की औसत और 9.57 की इकॉनमी रेट से 41 विकेट लिए हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2026 में हुई छोटी नीलामी से पहले दयाल को 5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था, जिस पर उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। बता दें कि उनके खिलाफ यौन शोषण के गंभीर आरोप लगे थे।

# विदेश समाचार

## अमेरिकी केवल अपने से ही बातचीत कर रहे हैं, ट्रंप के युद्धविराम के दावे का ईरानी सेना ने उड़ाया मजाक

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच ईरान की सेना ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान का कड़ा मज़ाक उड़ाया है। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान के साथ दो दिनों तक सकारात्मक बातचीत हुई है, जिसके चलते अमेरिका अगले पांच दिनों तक कोई हमला नहीं करेगा।इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी सेना के खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम ज़ोल्फ़ागारी ने अमेरिकी दावों को खारिज कर दिया। सरकारी टीवी पर प्रसारित एक रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने कहा कि अमेरिका की तथाकथित रणनीतिक शक्ति अब विफलता में बदल चुकी है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा, जो देश खुद को वैश्विक महाशक्ति बताता है, अगर वह इस स्थिति से निकल सकता तो अब तक निकल चुका होता। ईरानी सेना ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपनी हार को समझौते का रूप देने की कोशिश न करे। साथ ही, अमेरिकी बयानों को खोखला बताते हुए कहा गया कि अब ऐसे दावों का समय खत्म हो चुका है।ज़ोल्फ़ागारी ने आगे कहा, क्या आपके आंतरिक मतभेद इतने बढ़ गए हैं कि अब आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं? यह बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप प्रशासन की ओर से पाकिस्तान के माध्यम से ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजे जाने की खबर सामने आई है। हालांकि, ईरान ने साफ कर दिया है कि वह किसी भी तरह के समझौते के पक्ष में नहीं है। ईरानी प्रवक्ता ने दो टूक कहा, हमारा रुख शुरू से ही स्पष्ट रहा है और आगे भी रहेगा— हम आपके जैसे लोगों से न कभी समझौता करेंगे, न अब, न भविष्य में।

## रूसी इलाके में इजरायल ने दागी मिसाइल? तगड़ा जवाब आया

कीव (ए.)। मिडिल ईस्ट की जंग अब ऐसे मोड़ पर है जहां इसकी सीमाएं तेजी से टूटती नजर आ रही हैं। खबर आई कि कैस्पियन सी में इजराइल ने एक बड़ा हमला किया। बताया जाता है कि इजराइल ने पहली बार कैप्सन सागर में हमला करते हुए उस सप्लाई लाइन को निशाना बनाया जो रशिया और ईरान के बीच हथियारों की आवाजाही के लिए बेहद अहम मानी जाती है। यह सिर्फ एक हमला नहीं था बल्कि एक साफ संदेश कि अब जंग की कोई सीमा नहीं बची। इसकी तस्वीरें भी इज़राइल की तरफ से जारी की गई। माना गया कि इसी लिंक को निशाना बनाया गया है। इस सवाल के जवाब में जब रूस ये पूछा गया कि किस तरह से इन हमलों को देखते हैं तो क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेशकोव ने क्या कहा है यह भी जानना बड़ा जरूरी हो जाता है। दिमित्री पेशको कहते हैं कि यह बहुत नकारात्मक खबर है। हालांकि उनको इस तरह की कोई रिपोर्ट अभी तक मिली नहीं है। इजराइल ने इस तरह के हमले को अंजाम देते हुए यह दावा किया कि उसने ऐसे दर्जनों बोट्स को निशाना बनाया जो एक तरह से मिसाइल बोट्स थी। मिलिट्री के स्पोक पर्सन ने कहा है कि ईरान की नेवल कैपेसिटी को निशाना बनाते हुए इस क्षेत्र को निशाना बनाया गया जहां से हथियारों की सप्लाई हो रही थी। दरअसल कैस्पियन सागर दुनिया का सबसे बड़ा इनलैंड वाटर बॉडी लंबे समय से रूस और ईरान के लिए एक सुरक्षित रास्ता बना हुआ था। यहां अमेरिकी नौसेना की पहुंच नहीं मानी जाती है। इसलिए यह इलाका हथियारों की सप्लाई के लिए लगभग सेफ जोन बन गया था। इसी रूट के जरिए बताया जाता है कि ड्रोन, आर्टिलरी शेल्स, भारी मात्रा में गोला बारूद ट्रांसफर किए जा रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक लाखों राउंड और हजारों शेल्स इसी रास्ते से भेजे गए जिससे जंग में दोनों देशों की ताकत बढ़ती रही। इस सप्लाई चेन में सबसे अहम भूमिका निभा रहे थे।

## जीत तक जारी रहेगी लड़ाई..ट्रंप के दावे के बाद ईरानी सेना का बड़ा ऐलान



तेहरान (आरएनएस)। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान की शीर्ष सैन्य कमान ने मंगलवार को एक बड़ा और सनसनीखेज ऐलान किया है। ईरानी सेना ने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि उसकी सशस्त्र सेनाएं 'पूर्ण विजय' हासिल होने तक बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगी और यह महायुद्ध जारी रहेगा। खातम-अल-अनबिया केंद्रीय मुख्यालय के प्रवक्ता मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही अलीबादी ने हुंकार भरते हुए कहा कि ईरान की शक्तिशाली सेनाएं देश की अखंडता की रक्षा के लिए पूरी तरह से अडिग और विजयी हैं। उनका यह आक्रामक बयान ऐसे समय में आया है जब पूरे मध्य पूर्व में युद्ध के बादल बेहद घने हो चुके हैं और हर बीतते दिन के साथ हमले तेज होते जा रहे हैं।

जनरल अलीबादी की यह सख्त टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस हालिया घोषणा के जवाब में आई है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच शांति को लेकर बातचीत चल रही है। ईरान ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की प्रत्यक्ष वार्ता से साफ इनकार कर दिया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलिबफ ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि ऐसी झूठी और फर्जी खबरों का इस्तेमाल केवल वित्तीय और तेल बाजारों में हेरफेर करने की एक साजिश के तहत किया जा रहा है। वहीं, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने यह जरूर स्पष्ट किया है कि वे युद्ध के हालात पर मिस्र, ओमान, पाकिस्तान, रूस और तुर्किये सहित कई क्षेत्रीय देशों के लगातार संपर्क में हैं। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर अपने संबोधन में जनरल अलीबादी ने कहा कि हमारी सेनाएं दुश्मनों के खिलाफ मजबूती से खड़ी हैं और जब तक 'पूर्ण विजय' नहीं मिल जाती, तब तक हमारे कदम नहीं रुकेंगे।

### इराक में ईरान समर्थित गुट पर आसमान से बरसी मौत, भीषण एयरस्ट्राइक में टॉप कमांडर समेत 14 लड़ाके ढेर

बगदाद (आरएनएस)। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी भारी तनाव के बीच इराक से एक बेहद बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आई है। इराक में तेहरान समर्थित मिलिशिया लड़ाकों के एक प्रमुख हेडक्वार्टर पर भीषण हवाई हमला किया गया है। इस विनाशकारी एयरस्ट्राइक में मिलिशिया के एक बड़े कमांडर सहित 14 लड़ाके मौके पर ही ढेर हो गए हैं। हमले के तुरंत बाद मुख्यालय की इमारत से आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देखा गया। हालांकि अभी तक किसी भी देश या संगठन ने आधिकारिक तौर पर इस एयरस्ट्राइक की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन मिलिशिया गुटों ने इसका सीधा आरोप अमेरिका पर मढ़ा हैस्थानीय सूत्रों और इराक से मिली जानकारी के अनुसार, यह अचूक निशाना अनबार प्रांत में स्थित पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (PMF) के एक अहम मुख्यालय पर लगाया गया है। इस शिया मिलिशिया गुट को ईरान का खास समर्थक माना जाता है।

## 27 मार्च को पीएम पद की शपथ लेंगे बालेंद्र शाह

काठमांडू (ए.)। नेपाल के नए प्रधानमंत्री के तौर पर बालेन्द्र शाह 27मार्च को शपथ लेने जा रहे हैं। उनके इस शपथग्रहण समारोह को विशेष बनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस समारोह की टाइमिंग इसलिए भी खास है, क्योंकि शपथग्रहण के लिए रामनवमी का दिन चुना गया है। यह वही समय होगा जब अयोध्या के राममंदिर में विशेष पूजा की जा रही होगी। शपथग्रहण का शुभ मुहूर्त शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के श्रीरामनवमी की तिथि को तय किया गया है। शपथग्रहण का समय स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजकर 44 मिनट पर तय किया गया है। यह वही समय है जब अयोध्या में राम मंदिर में रामनवमी के अवसर पर विशेष पूजा होगी। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास के तरफ से लोगों को भेजी जा रही शपथग्रहण के निमंत्रण के अनुसार बालेन्द्र शाह इसी शुभ समय में शपथ लेने वाले हैं।



स्वस्ति वाचन और शंखनाद बनाएंगे आयोजन को खास

बालेन्द्र की टीम के तरफ से भी इस बात की पुष्टि की गई है कि पंचांग में शुभ मुहूर्त देख कर शपथग्रहण का समय तय किया गया है। यह शपथग्रहण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया न होकर धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा विशेष आयोजन भी होगा। शपथग्रहण समारोह के दौरान 108 हिन्दू बटुकों द्वारा स्वस्ति वाचन किया जाएगा, जिसे शुभ और मंगलकारी माना जाता है।

# ईरान-अमेरिका जंग के चलते इस देश में आपातकाल घोषित, रॉकेट बना पेट्रोल, बिजली भी बंद..

मनीला (आरएनएस)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब दुनिया के कई देशों पर साफ दिखाई देने लगा है। इसी कड़ी में Philippines ने ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराते खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आपातकाल घोषित कर दिया है। देश के राष्ट्रपति Ferdinand Marcos Jr. ने आदेश जारी कर कहा कि मौजूदा हालात में ईंधन की उपलब्धता बनाए रखना और अर्थव्यवस्था को झटके से बचाना बेहद जरूरी हो गया है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य पर असर से बढ़ी चिंता

Iran के साथ जारी तनाव, जिसमें United States और Israel भी शामिल हैं, के चलते Strait of Hormuz पर आवाजाही प्रभावित हुई है। यह मार्ग वैश्विक तेल आपूर्ति की रीढ़ माना जाता है। इसके बाधित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है और सप्लाई पर दबाव बढ़ गया है।

### आयात पर निर्भरता बनी बड़ी चुनौती

Philippines अपनी लगभग 98% तेल जरूरतों के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। ऐसे में संकट के बाद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे आम लोगों की लागत और महंगाई



दोनों बढ़ गई हैं।

### सरकार ने उठाए आपात कदम

स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने एक विशेष निगरानी समिति गठित करने का फैसला किया है, जो ईंधन के साथ-साथ खाद्य पदार्थों और दवाइयों की आपूर्ति पर नजर रखेगी। साथ ही सरकार को सीधे तेल खरीदने के विशेष अधिकार भी दिए गए हैं, ताकि सप्लाई चेन बाधित न हो। यह आपातकाल फिलहाल एक वर्ष के लिए लागू किया गया है, जिसे जरूरत पड़ने पर बढ़ाया या समाप्त किया जा सकता है।

### फैसले पर मिली-जुली प्रतिक्रिया

सरकार के इस कदम पर देश में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जहां कुछ लोग इसे समय की जरूरत बता रहे हैं, वहीं मजदूर संगठनों ने इसकी आलोचना की है। उनका कहना है कि पहले हालात को सामान्य बताया गया और अब अचानक आपातकाल लागू कर दिया गया।

### हड़ताल की तैयारी, राहत उपाय भी जारी

बढ़ती ईंधन कीमतों से नाराज ट्रांसपोर्ट सेक्टर के लोग हड़ताल की तैयारी में हैं। उनका कहना है कि महंगे ईंधन से उनकी आय पर सीधा असर पड़ रहा है। सरकार ने कुछ राहत उपाय भी शुरू किए हैं, जैसे ड्राइवरों को सब्सिडी देना और ईंधन की खपत कम करने के लिए कार्यदिवस घटाने जैसे कदम।फिलहाल देश के पास सीमित अवधि का ईंधन भंडार बचा है। ऐसे में यह संकट न केवल Philippines बल्कि दुनिया के अन्य तेल-आयातक देशों के लिए भी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

# संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत इछावर में विकासखंड स्तरीय शिविर आयोजित

*शिविर में राजस्व मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित किए हितलाभ*

*नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : राजस्व मंत्री श्री वर्मा*



सीहोर (निप्र)। संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत इछावर में विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पीएम आवास योजना, पेंशन, नामांतरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प से समाधान अभियान सुशासन, पारदर्शिता और जनहित में त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि आवास योजना, संबल योजना जैसी योजनाएं गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए मददगार साबित हो रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से न केवल आर्थिक सहायता मिल रही है, बल्कि नागरिकों को खुद का पक्का मकान और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।

शिविर में इछावर नगर परिषद अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, जगदीश पटेल, शंकर जयसवाल, एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, जनपद सीईओ श्रीमती रूषाली पोरस, नगर पालिका सीएमओ धर्मराज यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित थे।

**अभियान के तहत इछावर में कुल 15543 आवेदन हुये प्राप्त**

जनपद सीईओ सुश्री रूषाली पोरस ने जानकारी दी कि अभियान के तहत 25 मार्च तक इछावर तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों से 13276 तथा नगरीय क्षेत्र से 2267 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार इछावर में कुल 15543 आवेदन प्राप्त हुये है।

# राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत कबड्डी प्रतियोगिता

**भैरुंदा टीम प्रथम, सीहोर दूसरे और तीसरे स्थान पर आष्टा**



सीहोर (निप्र)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिले में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत एवं खेल विभाग द्वारा सीहोर के चर्च ग्राउंड पर एक दिवसीय जिला स्तरीय बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय ने किया। जिला स्तरीय बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में. सभी जनपदों की टीमों ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में भैरूंदा जनपद की टीम ने प्रथम, सीहोर की टीम ने दूसरा और आष्टा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी टीमों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी रूबिका देवान, सुरेंद्र मेवाड़ा उपस्थित थे। वहीं मैच रेफरी रोहित यादव, योगेश पवार, लक्ष्मीनारायण वैष्णव, प्रमोद सिंह उईके, अर्चना सिलोदिया, आनंद पसोटिया, रेखा कुशवाहा आदि शामिल थे।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है पेट्रोल-डीजल और एलपीजी सिलेंडर



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों के गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती रेशमा भामोर ने इछावर स्थित 04 पेट्रोल पंपो एवं एक गैस एजेंसी (माधव गैस एजेंसी) का निरीक्षण किया। इसी प्रकार आष्टा, इछावर, भैरूंदा में अधिकारियों द्वारा अनेक गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों पर पर्याप्त पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस उपलब्ध पाई गई। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त आपूर्ति बनी हुई है।

# संभागायुक्त ने ग्राम हसनाबाद के प्रगतिशील मत्स्य किसानों की यूनिटों का किया निरीक्षण

सीहोर (निप्र)। संभागायुक्त संजीव सिंह ने सीहोर जिले के ग्राम हसनाबाद में पीएम मत्स्य संपदा योजना के तहत स्थापित प्रगतिशील मत्स्य कृषकों की युनिटों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने संभागायुक्त को जिले में योजना के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संभागायुक्त श्री सिंह ने ग्राम हसनाबाद में प्रगतिशील मत्स्य कृषक श्रीमती मुस्कान सिंह द्वारा पीएम मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत स्थापित फिश फीड मील का निरीक्षण किया। इस मील में मछलियों के दाना तैयार किया जाता है। संभागायुक्त श्री सिंह ने मील की उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण व्यवस्था तथा कच्चे माल के भंडारण एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और कहा कि मछुआरों को उच्च गुणवत्ता का फिश फीड उपलब्ध कराया जाए जिससे मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि पीएम मत्स्य संपदा योजना का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को बढ़ाना, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करना एवं स्थानीय मत्स्य पालकों को फीड उपलब्धता के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। इसलिए जिले में योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।

# खंड स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन




भैरूंदा ( संजय कलमोर )। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत परिसर भैरूंदा में खंड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान सुशासन एवं स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं का पूर्ण लाभ ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को प्रदान किया जा रहा है।

यह विशेष अभियान दिनांक 12 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्याओं का समाधान किया गया, तत्पश्चात द्वितीय चरण में 16 फरवरी तक क्लस्टर स्तर पर शेष पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण किया गया। इसी क्रम में आज 25 मार्च 2026 को खंड स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन कर ऐसे हितग्राहियों के लिए शिविर लगाया गया, जिनकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत एवं क्लस्टर स्तर पर नहीं हो पाया था।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष श्रवण व्यास, जनपद सदस्य धर्मेंद्र, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामकृष्ण, नगर परिषद पार्षद महेंद्र परिहार एवं कैलाश धावरे उपस्थित रहे। इसके साथ ही एसडीएम सुधीर कुशवाह, जनपद सीईओ संजय अग्रवाल तथा सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित होकर अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर जनपद सीईओ संजय अग्रवाल ने आयुष्मान भारत, संबल योजना एवं प्रधानमंत्री मानधन योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने की अपील की। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा हितग्राहियों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया है और इसमें सफलता प्राप्त हुई है।

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सभी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों का वार्ड स्तर पर चिन्हांकन कर उन्हें लाभ प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है तथा स्वच्छता और जल संवर्धन के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ने कहा कि शासन-प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को मिलकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए, जनता हमारे लिए सर्वोपरि है।

# टेकरी वाली मैया के दरबार में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

सीहोर (निप्र )। चैत्र नवरात्र ग्राम रफीकगंज ढेकिया शनि मंदिर के पास टेकरी वाली मईया के दरबार में पारंपरिक रूप से श्रद्धालुओं के द्वारा हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। एक प्रयास एनजीओ संस्था ने मंगलवार की रात सेठ जी डेवलपर्स के सहयोग से भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया। माता जगदंबा के दरबार में नन्ही मुन्नी बालिकाओं के द्वारा एकल नृत्य समूह नृत्य और डांडिया गरबा की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन रफीगंज के सरपंच भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज परमार ने माता रानी की आरती में सम्मिलित होकर गरबा करने वाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी त्रिलोकचंद्र सिंह राजपाल और रमेश मूंदड़ा के द्वारा माता जगदंबा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का एक प्रयास एनजीओ संस्था अध्यक्ष सन्नी राजपाल और संचालक रजत मुंद्डा ने पुष्प माला पहना कर स्वागत किया।

# मरीह माता मंदिर में आज रात्रि बारह बजे की जाएगी महानिशा आरती और नवमीं पर विशाल भंडारा

**कालरात्रि माता को देवी दुर्गा के नौ रूपों में से सातवां स्वरूप कहा गया-मनोज दीक्षित मामा**

सीहोर (निप्र )। शहर के विश्राम घाट स्थित चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्रि का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रतिदिन कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर श्रद्धालुओं के द्वारा प्रतिदिन बड़ी संख्या में कन्याओं की पूजा अर्चना के भोजन प्रसादी का वितरण के पश्चात तिलककर कन्याओं का सम्मान किया गया। वहीं बुधवार को सुबह महिला मंडल के तत्वाधान में भजन-कीर्तन का आयोजन के साथ सुबह हवन किया गया था, साथ ही यहां पर मौजूद मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी अन्य ने देवी का सोलह श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात मां कालरात्रि माता का आह्वान किया। गुरुवार को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रात्रि बारह बजे महानिशा आरती की जाएगी और नवमीं को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि कालरात्रि माता को देवी दुर्गा के नौ रूपों में से सातवां स्वरूप कहा गया है। नवरात्र के सातवें दिन माता के इसी स्वरूप को ध्यान में रखकर इनकी पूजा की जाती है। देवी का यह नाम उनके स्वरूप के कारण से है। इस स्वरूप में माता का वर्ण काजल के समान काला है। कथा है कि शुंभ-निशुंभ और उसकी सेना को देखकर देवी को भयंकर क्रोध आया और इनका वर्ण श्यामल हो गया।



# चर्च मैदान पर ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता

**सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर जूनियर को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से हराया**




सीहोर (निप्र )। शहर के चर्च मैदान पर प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव के जन्म दिन के अवसर पर बुधवार को ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शाम को पहला मैच बहुत ही रोमांचक रहा। इस मैच में सीहोर चिल्ड्रन ने सीहोर जूनियर को 1-0 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और सीहोर सीनियर के मध्य रहा। इस मैच में सीहोर बाइज की टीम 2-0 से विजय रही। मैच के अंत में सीनियर खिलाड़ी आनंद उपाध्याय और एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर जूनियर के मध्य खेला गया था। इस रोमांचक मुकाबले में सीहोर चिल्ड्रन के स्ट्राइकर युवराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक मात्र गोल से अपनी टीम को जीत दिलाई। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर बाइज और सीहोर सीनियर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज की टीम 2-0 से जीती। इस मैच में सीहोर बाइज की ओर से आदित्य-रोहित ने एक-एक गोल किया। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम को पहला मैच सीहोर गर्ल्स-सीहोर रेड और दूसरा मैच सीहोर चिल्ड्रन-सीहोर ग्रीन के मध्य खेला जाएगा।

# हरफनमौला क्रिकेट दीपेश सेन का अंडर-18 टीम में चयन

सीहोर (निप्र )। शहर के बीएसआई मैदान पर प्रमोद पटेल क्रिकेट अकादमी की ओर से अभ्यासरत प्रतिभाशाली हरफनमौल क्रिकेट दीपेश सेन इंदौर में होने वाली अंडर-18 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनीत हुए। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, पीपीसीए की ओर से आदर्श राय, अतुल त्रिवेदी आदि ने बधाई दी।इस संबंध में जानकारी देते हुए पीपीसीए अकादमी के कोच आदर्श राय ने बताया कि यहां पर पूरे वर्ष बीसीआई मैदान पर क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल होते है। इन दिनों मैदान पर अकादमी की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें करीब 250 से अधिक बालक-बालिका प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। वहीं अकादमी की ओर से खेलने वाले हरफनमौला क्रिकेट दीपेश सेन ने गत दिनों हुई जिला स्तरीय अंडर-18 क्रिकेट प्रतियोगिता में 162 रन बनाए थे और अपनी तेज गेंदबाजी के बल पर अनेक विकेट हासिल किए।



# सांस्कृतिक मंच ने पग पूजन कर कन्याओं को दिए उपहार खिल उठेंगे नन्हीं देवियों के चेहरे




सीहोर (निप्र )। नगर की धार्मिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों सक्रिय एवं अग्रणी संस्था सीहोर सांस्कृतिक मंच ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सामूहिक कन्या पग पूजन का आयोजन किया जिसमें 251 कन्याओं का पग पूजन करने का लक्ष्य रखा गया था। सीहोर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि इस सामूहिक कन्या पूजन का उद्देश्य समाज की नई पीढ़ी को धर्म, संस्कृति, आस्थाओं और परंपराओं से भावनात्मक रूप से जोडना है। साथ ही समाज में महिलाओं के प्रति आदर-सम्मान की भावना जागृत करना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को बढ़ावा देना और ऊंच-नीच के भाव को समाप्त करना भी इसका लक्ष्य है। सीहोर सांस्कृतिक मंच द्वारा चैत्र नवरात्रि का सातवां दिन धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।

बुधवार को नगर के प्राचीन चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर इंदिरा नगर पर कन्या पग पूजन- आयोजन का कार्यक्रम रखा रखा गया जिसमें सर्वप्रथम प्रदीप गौतम प्रेमलता राठौर, आशीष गुप्ता, आनन्द भैया गांधी, सीमा सक्सेना, नरेन्द्र गोस्वामी, सहित मंच के सदस्य एवं पदाधिकारी ने माँ चौसट योगिनी मरीह विधिवत पूजा-अर्चना की और माताजी को श्रृंगार और चुनरी भेंट की। सांस्कृतिक मंच द्वारा इस अवसर पर परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार कन्याओं के पैर धोकर उनका पूजन कर तिलक लगाया और आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को संस्था की ओर से उपहार वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

**सम्मान के साथ विदाई दी गई उपहार पाकर नन्हीं देवियों के चेहरे खिल उठें**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी हरिशचन्द्र अग्रवाल, समाजसेवी विवेक रूठिया, विशेष अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन चौरसिया एवं पार्षद प्रदीप गौतम, समाजसेवी नरेन्द्र गोस्वामी उपस्थित रहे। सर्व प्रथम कार्यक्रम संयोजक आनन्द भैया गांधी एवं सुरेश राठौर ने अतिथियों का अंग वस्त्र उड़ाकर स्वागत किया। उपस्थित कन्याओं को मंगल तिलक पर प्रेमलता राठौर, सीमा सक्सेना, कृति श्रीवास्तव, जयश्री चौरसिया, सरोज राजपूत, नमिता दुबे, स्नेहलता राठौर ने किया।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हरीश चन्द्र अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व है, क्योंकि कन्याओं को देवी का स्वरूप माना जाता है। मोहन चौरिसया ने कहा कि धर्मग्रंथों और शास्त्रों में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप बताया गया है, इसलिए नवरात्रि में उनका पूजन और भोजन कराना पुण्यदायी माना जाता है।

# सीहोर में 28 मार्च को आयोजित होगा मेगा शिविर

सीहोर (निप्र )। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 28 मार्च को सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान में प्रात 10:30 बजे से मेगा लीगल आउटरीच एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। इस मेगा शिविर की मुख्य थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगजनों पर केन्द्रित होगी। शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे और दिव्यांगजनों एवं नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायता उपकरण भी प्रदान किए जाएंगे। शिविर के आयोजन के संबंध में न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई और आयोजन कें संबंध में चर्चा की गई।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com